राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 85
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
सोमवार 23 फरवरी 2026
मूल्य :2 /-

RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट | पेज 3 ग्रेटर नोएडा में छोटे भाई की हत्या | पेज 4 बरखेड़ा चीनी मिल ने जारी किया मिल बंदी का नोटिस | पेज 6 अपनी तकनीक में बदलाव नहीं करूंगा : अभिषेक

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली में अरुणाचल की 3 महिलाओं पर नस्लीय कमेंट

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मालवीय नगर में किराए पर रहने वाली अरुणाचल प्रदेश की 3 महिलाओं पर नस्लीय कमेंट और गाली-गलौज किया गया। घटना 20 फरवरी की है, जानकारी अब सामने आई है। दरअसल पूरा विवाद गंदगी फैलाने को लेकर हुआ था। जिसके बाद पड़ोसियों ने नॉर्थईस्ट की महिलाओं को मोमो कहा। यही नहीं एक आरोपी महिला ने पीड़ितों को धंधेवाली भी कहा और मसाज पार्लर चलाने का आरोप लगाया। घटना का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें आरोपी महिला कहती है कि, उसका पति कितना जवान है अगर ये जानना है तो मेरे पति के साथ बेडरूम में चली जा। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

### अबूधाबी से पेट में लाया 135 ग्राम सोना

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद कस्टम्स विभाग ने एयरपोर्ट से एक ऐसे तस्कर को पकड़ा है, जो अबूधाबी से पेट में सोना लेकर आ रहा था। तस्कर ने 24 कैरेट का 135 ग्राम से अधिक सोना निगल रखा था। उसकी संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर कस्टम विभाग ने पकड़ा। सोने को निकालने के लिए कस्टम विभाग ने संदिग्ध को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने मल त्याग के जरिए उसके पेट से 135 ग्राम सोना निकाला। स्वास्थ्य और सुरक्षा जोखिम को देखते हुए उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**विरोध प्रदर्शन**



भुवनेश्वर में प्रश्नकाल के दौरान ओडिशा विधानसभा के वेल में बीजेडी और कांग्रेस के विपक्षी विधायकों ने भाजपा सरकार द्वारा किसानों की धान खरीद में कथित अनियमितताओं और कुप्रबंधन के विरोध में नारे लगाए।

### जॉइंट थिएटर कमान से ऑपरेट होंगी तीनों सेनाएं

नई दिल्ली। देश के सैन्य ढांचे में अब तक के सबसे बड़े बदलाव का खाका तैयार हो चुका है। थलसेना, वायुसेना और नौसेना अब संयुक्त थिएटर कमान के तहत काम करेंगी। संयुक्त थिएटर कमान पर 5 साल से मंथन जारी था। नया ढांचा 3 महीने में औपचारिक रूप से सामने आ जाएगा। इससे भारत के पास किसी भी सैन्य संघर्ष से निपटने के लिए इंटीग्रेटेड, फास्ट और जॉइंट कमांड इन्फ्रास्ट्रक्चर रहेगा। निर्णय लेने में 60-70 प्रतिशत तक तेजी आएगी। वहीं, 15-20 प्रतिशत तक संसाधनों की भी बचत होगी। पाकिस्तान और चीन दोनों मोर्चों पर तैयारी और बेहतर होगी। गौरतलब है कि अमेरिका, चीन, रूस, फ्रांस और ब्रिटेन सहित दुनिया के कई देशों में सैन्य तंत्र संयुक्त थिएटर कमान के तहत ही ऑपरेट करता है। चीन में 5 जबकि अमेरिका में 11 कमान हैं।

# जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में जैश के 3 आतंकी ढेर





**सुरक्षाबलों ने आतंकियों के ठिकाने को ब्लास्ट किया; 4 फरवरी को भी 3 आतंकी मारे थे**

**कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में चतरू इलाके में रविवार सुबह से सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। आधिकारियों ने 3 आतंकियों के ढेर होने की पुष्टि की है।

सुरक्षाबलों ने उस ठिकाने को ही ब्लास्ट कर दिया, जहां आतंकी छिपे हुए थे। एनकाउंटर अभी भी जारी है।

अधिकारियों ने कहा कि पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के 2 से 3 आतंकियों के यहां पर छिपे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया। तभी आतंकियों ने फायरिंग कर दी।

इससे पहले 4 फरवरी को भी चतरू में ही सुरक्षाबलों ने जैश के ही एक आतंकी को मार गिराया था। वहीं, उधमपुर जिले में भी गुफा में छिपे जैश के 2 आतंकियों को ग्रेनेड विस्फोट में मार गिराया गया था।

### ऑपरेशन टीम में शामिल डॉग घायल

किश्तवाड़ में चलाए गए एनकाउंटर में इंडियन आर्मी के 2 पैरा के के 9 डॉग टायसन को भी गोली लगी। मिशन के दौरान, वह सबसे पहले उस धोक तक पहुंचा जहां आतंकवादी छिपे हुए थे।

गोली लगने के बावजूद, टायसन ने ऑपरेशन जारी रखा। उसे बेहतर इलाज के लिए बेस हॉस्पिटल ले जाया गया है।

# दूध का तीन में से एक सैंपल जांच में फेल

- बड़े ब्रांड भी संदेह के घेरे में, देश में बढ़ते उत्पादन के साथ ही मिलावट के मामले भी बढ़ रहे



**नई दिल्ली।** भारत दुनिया में दूध का सबसे बड़ा उत्पादक (करीब 25 प्रतिशत हिस्सा) है और दुर्भाग्य से, मिलावटी दूध के मामलों में भी सबसे आगे है। हाल के वर्षों में देशभर में जांचे गए दूध के हर तीन नमूनों में से एक गुणवत्ता जांच में विफल रहा है। भारतीय खाद्य संरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा वित्त वर्ष 2025 में 38 प्रतिशत नमूने मिलावटी पाए गए।

एफएसएसएआई की रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2015 और वित्त वर्ष 2018 के बीच मिलावटी दूध के नमूनों की संख्या 16.64 प्रतिशत अंक तक बढ़ गई। वित्त वर्ष 2022 में 798 नमूनों में से आधे मिलावटी पाए गए, जो वित्त वर्ष 2015 के बाद से मिलावट की उच्चतम दर है। वहीं करीब सप्ताह भर पहले 'ट्रस्टिफाइड' नाम के एक स्वतंत्र टेस्टिंग प्लेटफॉर्म की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि देश के कुछ प्रतिष्ठित ब्रांड के पैकेज्ड दूध में कोलिफॉर्म नामक हानिकारक बैक्टीरिया तय सीमा से 98 गुना तक अधिक पाया गया। इस रिपोर्ट ने पैकेज्ड फूड सेफ्टी पर भी चिंता बढ़ा दी है।

### पिछले 11 वर्षों में देश में दूध उत्पादन 69 प्रतिशत बढ़ा

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 2025 में देश में दूध उत्पादन 24.8 करोड़ टन के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। पिछले 11 वर्षों में इसमें 69.4 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिली है। देश में प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता प्रतिदिन 485 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई।

# साजिश नाकाम : तमिलनाडु-बंगाल से एक बांग्लादेशी समेत 8 संदिग्ध गिरफ्तार

**हमले की साजिश थी, आईएसआई और बांग्लादेशी आतंकी संगठनों से कनेक्शन; 12+ मोबाइल, 16 सिमकार्ड बरामद**



**तिरुप्पुर/नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने रविवार को 8 संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इनमें 6 तमिलनाडु और 2 पश्चिम बंगाल से अरेस्ट किए गए। पुलिस के मुताबिक यह सभी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और बांग्लादेशी आतंकी संगठनों के इशारे पर आतंकी हमले की साजिश रच रहे थे।

संदिग्धों में एक बांग्लादेशी नागरिक भी शामिल है। इनके पास से 12 से ज्यादा मोबाइल फोन और 16 से ज्यादा सिम कार्ड बरामद हुए हैं। तमिलनाडु के तिरुप्पुर से जिन 6 लोगों की गिरफ्तारी हुई है, उनमें मिजानुर रहमान, मोहम्मद शबत, उमर, मोहम्मद लितान, मोहम्मद शाहिद और मोहम्मद उज्जल हैं।

इन लोगों ने पाकिस्तान में मौजूद आतंकी संगठनों के समर्थन में सोशल मीडिया पोस्ट की थीं। 3 आरोपियों को उथुकुली, 3 को पल्लादम और एक आरोपी तिरुमुरुगनपोंडी से पकड़ा गया। ये सभी फर्जी आधार कार्ड के जरिए पहचान छिपाकर तिरुप्पुर में गारमेंट इंडस्ट्री में काम कर रहे थे।

# टैरिफ में बदलाव से भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर बैठक टली

**इसमें भारत पर 18 प्रतिशत टैरिफ लगना था, अब ट्रम्प ने खुद ही ग्लोबल टैरिफ 15 प्रतिशत किया**




**वॉशिंगटन डीसी।** भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर होने वाली बैठक टल गई है। यह जानकारी न्यूज एजेंसी ने सरकारी सूत्रों के हवाले से दी।

बैठक 23-26 फरवरी को वॉशिंगटन में होनी थी। दरअसल समझौते में भारत को 18 प्रतिशत टैरिफ देना था, लेकिन शुक्रवार को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने सभी ग्लोबल टैरिफ रद्द कर दिए थे।

जिसके बाद ट्रम्प ने शुक्रवार को ही दुनियाभर पर पहले 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया, फिर 24 घंटे के अंदर ही उसे बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया।

अब ट्रम्प का 15 प्रतिशत ग्लोबल टैरिफ लागू हो रहा है, जो डील वाले 18 प्रतिशत से कम है। इसके कारण दोनों पक्षों ने तय किया कि इन बदलावों की समीक्षा के बाद बैठक की नई तारीख तय की जाएगी। बैठक के टलने से अब इस ट्रेड डील में देरी हो सकती है।

### इस ट्रेड डील के कारण भारत का टैरिफ घटा था

कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने 7 फरवरी को प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमेरिका के साथ ट्रेड डील की जानकारी दी थी। उन्होंने बताया था कि भारतीय कृषि उत्पाद अमेरिका में जीरो टैरिफ पर निर्यात किए जाएंगे, जबकि अमेरिका के कृषि उत्पादों को भारत में कोई टैरिफ छूट नहीं दी गई है।

इसके अलावा भारत ने अगले 5 साल में अमेरिका से 50 हजार करोड़ डॉलर (45 लाख 30 हजार करोड़ रुपए) के उत्पाद खरीदने पर सहमति जताई। इसके बाद अंतरिम व्यापार समझौते का फ्रेमवर्क जारी किया गया था।

इसके तहत ही भारतीय सामान पर अमेरिका का टैरिफ 25 प्रतिशतसे घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके अलावा रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर लगाया गया 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ भी हटा लिया गया था।



## हैप्पी मॉर्निंग

दामाद अपने ससुराल में गुरुजी का प्रवचन सुनने गया गुरुजी बोले- जो स्वर्ग जाना चाहता है, वह अपना हाथ ऊपर करो उसकी सास और बीवी ने हाथ उठाया, मगर दामाद ने नहीं उठाया गुरुजी ने दामाद से पूछा - क्या तुम स्वर्ग नहीं जाना चाहते? दामाद- बस ये दोनों चली जाएं तो मेरे लिए यहीं स्वर्ग बन जाएगा.....



## शायरी

गाहे गाहे की मुलाक़ात ही अच्छी है अमीर
क़द्र खो देता है हर रोज़ का आना जाना

# ओडिशा- सड़क हादसे में 5 पुलिसकर्मियों की मौत

**3 घायल, गश्त करते पुलिस वाहन को ट्रेलर ने टक्कर मारी, सीएम देंगे 5 लाख का मुआवजा**



### घायलों की भी हालत नाजुक

पुलिस ने बताया है कि जिनकी मौत हुई है, उनमें सशस्त्र पुलिस बल रिजर्व कॉन्स्टेबल काशीराम भोई, देबदत्त सा, ड्रिल एसआई निरंजन कुजूर, हवलदार लिंगराज धुरुआ और होमगार्ड जवान भक्तबंधु मिर्धा शामिल हैं। घायलों में दुबराज मिरिग, आकाश नायक और राजीव भारसागर का नाम है। तीनों का झारसुगुड़ा जिला अस्पताल में इलाज जारी है, लेकिन उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। झारसुगुड़ा एसपी गुंडाला राघवेंद्र के मुताबिक ट्रेलर ड्राइवर हिरासत में है। उससे पूछताछ की जा रही है। मामले की जांच जारी है।

- हादसा रविवार सुबह 4 बजे झारसुगुड़ा सदर पुलिस स्टेशन के पास हुआ, पुलिसकर्मी गश्त पर निकले थे।

**झारसुगुड़ा।** ओडिशा के झारसुगुड़ा में पुलिस की बोलेरो को तेज रफ्तार ट्रेलर ने टक्कर मार दी। हादसे में बोलेरो सवार 5 पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। 3 गंभीर रूप से घायल हैं। हादसा रविवार सुबह 4 बजे झारसुगुड़ा सदर पुलिस स्टेशन के पास हुआ। पुलिसकर्मी गश्त पर निकले थे।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि पुलिस बोलेरो गाड़ी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। इसके कारण घायल पुलिसकर्मी उसी में फंस गए थे। पुलिस और स्थानीय लोगों ने घायलों को बाहर निकाला था।

वहीं, हादसे पर राज्य के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने दुख जताया। उन्होंने मृतकों के लिए 5 लाख रुपए के मुआवजे का एलान किया।

# गुजरात के पोरबंदर तट पर ईरानी नाव पकड़ी

**ईरान के 4 नागरिक गिरफ्तार, बोट में छिपाकर रखी गई 5 करोड़ की विदेशी सिगरेट जब्त**



**पोरबंदर (गुजरात)।** भारतीय तटरक्षक बल ने एक बड़े समुद्री अभियान के तहत गुजरात के पोरबंदर के पास एक संदिग्ध विदेशी नाव को रोककर जांच की। इस नाव पर ईरानी चालक दल सवार था और इसमें तस्करी कर लाई जा रही विदेशी ब्रांड की बड़ी मात्रा में सिगरेट बरामद की गई। सिगरेट की बाजार कीमत 5 करोड़ के आसपास आंकी गई है।

यह कार्रवाई कुछ दिन पहले हुए एक अन्य बड़े समुद्री अभियान के बाद हुई है। 17 फरवरी की रात भारतीय तटरक्षक बल ने गुजरात एंटी-टेररिस्ट स्क्वाड के साथ मिलकर खुफिया सूचना के आधार पर एक संयुक्त ऑपरेशन चलाया था। नाव को आगे की जांच के लिए पोरबंदर लाया गया है।

तटरक्षक बल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी देते हुए बताया कि 21 फरवरी को भारतीय तटरक्षक जहाज ने द्वारका से लगभग 115 समुद्री मील पश्चिम में भारतीय EEZ के भीतर एक संदिग्ध विदेशी नाव को रोका था। जांच के दौरान नाव की पहचान 'अल मुख्तार' के रूप में हुई, जिस पर चार ईरानी नागरिक चालक दल के रूप में मौजूद थे।

## अर्थसार



सेंसेक्स:
82,814.71
+316.57 (0.38%)
निफ्टी:
25,571.25
+116.90

## मौसम



| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | | : 28 डिग्री से0 |
| न्यूनतम | | : 14 डिग्री से0 |
| सूर्योदय | मंगलवार | : 6 : 55 |
| सूर्यास्त | सोमवार | : 6 : 18 |

# मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर फंसे लोगों को मिलेगा टोल-रिफंड

**टैंकर पलटने से 33 घंटे तक फंसीं थीं 1 लाख से ज्यादा गाड़ियां; 5.16 करोड़ लौटाएगा विभाग**



**मुंबई।** मुंबई पुणे एक्सप्रेसवे पर गैस टैंकर पलटने से जाम में फंसे रहे लोगों को उनके फास्टैग में टोल रिफंड किया जाएगा। महाराष्ट्र स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशनके एक सीनियर अधिकारी ने रविवार को इसकी जानकारी दी।

3 फरवरी को एक्सप्रेसवे पर खंडाला घाट सेक्शन में शाम करीब 5 बजे अडोशी टनल के पास एक गैस से भरा टैंकर पलट गया था। इससे 33 घंटे तक ट्रैफिक जाम रहा और कई किलोमीटर तक 1 लाख से ज्यादा गाड़ियां फंस गई थीं। गाड़ी चलाने वालों और यात्रियों को पानी, खाने और दूसरी जरूरी सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ा था।

अधिकारी ने बताया कि टोल कलेक्शन रोकने का ऑर्डर जारी होने के बाद भी गाड़ी मालिकों से वसूले गए पूरे पैसे वापस करने का फैसला किया गया है। 5.16 करोड़ रुपये का रिफंड MSRDC प्रोसेस करेगा।

**टॉर्चर** | गुरुग्राम में लिव-इन पार्टनर ने मारपीट कर न्यूड वीडियो बनाया, यूरिन पिलाया; बीएससी की छात्रा

# पुलिस अधिकारी की बेटी के प्राइवेट पार्ट सैनिटाइजर से जलाए

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम में 19 साल की लिव-इन पार्टनर टॉर्चर केस में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि युवती बीएससी की छात्रा है और उसकी मां त्रिपुरा में पुलिस अधिकारी है। आरोपी शिवम ने लिव-इन में रहते हुए उसके प्राइवेट पार्ट को सैनिटाइजर डालकर लाइटर से आग लगाई। साथ ही मारपीट कर वीडियो भी बनाया।

एक पुलिस अधिकारी का कहना है कि कस्टडी में आरोपी से पूछताछ में पता चला है कि वो छात्रा के साथ फिजिकल रिलेशन बना रहा था। उसके साथ लगातार मारपीट की गई। इसके बाद युवती ने किसी तरह अपनी मां को कॉल की। फिर मां ने लोकल पुलिस को इसकी जानकारी दी।

इसके बाद पुलिस एक्टिव हुई और आरोपी को धर दबोचा। साथ ही छात्रा की सीरियस हालत में दिल्ली के सफदरजंग हॉस्पिटल रेफर में भर्ती कराया। रविवार को गुरुग्राम पहुंचीं छात्रा की मां ने भी युवक पर गंभीर आरोप लगाए है। कहना है कि उसकी बेटी को तीन दिन तक बंधक बनाए रखा। यूरिन तक पिलाया।

### ऑनलाइन एप से हुई दोस्ती

पीड़ित छात्रा मूल रूप से त्रिपुरा की रहने वाली है और वह गुरुग्राम के एक पीजी में रह रही थी। गुरुग्राम की ही एक यूनिवर्सिटी से बीएससी की पढ़ाई कर रही है। एक ऑनलाइन मोबाइल एप के जरिए युवक शिवम के साथ उसकी मुलाकात हुई थी। आरोपी दिल्ली के नरेला का रहने वाला है। सितंबर 2025 में बातचीत शुरू होने के बाद दोनों एक दूसरे से कई बार मिले।



### शादी का झांसा देकर रिलेशन बनाए

पीड़िता का आरोप है कि शिवम ने शादी का झांसा देकर उसके साथ फिजिकल रिलेशन बनाए। इसके बाद वे गुरुग्राम के पीजी में साथ रहने लगे। इस दौरान आरोपी को युवती के कैरेक्टर पर शक होने लगा। इसके बाद मारपीट शुरू कर दी। आरोपी ने धमकी दी कि उसे आगे भी इतना पीटेगा कि कभी मां नहीं बन पाएगी।

### न्यूड वीडियो रिकॉर्ड करने का आरोप

पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि शिवम ने लिव-इन पार्टनर के पैरों पर चाकू से हमला किया। उसका न्यूड वीडियो रिकॉर्ड कर उसके साथ मारपीट की। उसके सिर पर स्टील की बोटल से हमला किया, सिर पकड़कर दीवार पर पटक दिया। इसके बाद सैनिटाइजर डालकर प्राइवेट पार्ट जला दिए।

शुरू में डॉक्टरों ने युवती को बयान देने के लिए अनफिट बताया और बाद में उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया। वहां, इलाज के बाद पुलिस ने उसकी डिटेल्ड बयान रिकॉर्ड की। इसके बाद गुरुग्राम पुलिस ने आरोपी शिवम को गिरफ्तार कर लिया।

## संपादकीय

# भारत दुनिया में मिलावटी दूध के मामलों में सबसे आगे



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है। यहां प्रतिवर्ष लगभग 220 मिलियन टन से अधिक दूध का उत्पादन होता है, जो वैश्विक उत्पादन का करीब 25 प्रतिशत है। दूध भारतीय आहार का अभिन्न अंग है—चाय, दही, पनीर, खीर और कई व्यंजनों में इसका उपयोग होता है। लेकिन दुर्भाग्य से, मिलावटी दूध की समस्या भी उतनी ही गंभीर है। विभिन्न रिपोर्ट्स और सर्वेक्षणों से पता चलता है कि भारत में दूध में मिलावट के मामले अन्य देशों की तुलना में बहुत अधिक हैं, जिससे यह समस्या वैश्विक स्तर पर चिंता का विषय बन गई है।

खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की रिपोर्ट्स के अनुसार, दूध में मिलावट की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। 2011 के राष्ट्रीय मिलावट सर्वेक्षण में लगभग 70 प्रतिशत दूध के सैंपल मानकों पर खरे नहीं उतरे थे। इनमें पानी की मिलावट सबसे आम थी, इसके अलावा डिटर्जेंट, यूरिया, स्किम्ड मिल्क पाउडर और अन्य रसायन पाए गए। डिटर्जेंट युक्त दूध का सेवन स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है, क्योंकि यह लीवर, किडनी और हृदय रोगों को बढ़ावा देता है।

2018 के नेशनल मिल्क सेफ्टी एंड क्वालिटी सर्वे में 6,432 सैंपल जांचे गए। रिपोर्ट के अनुसार, केवल 0.19 प्रतिशत सैंपल में ऐसे मिलावट पाए गए जो दूध को असुरक्षित बनाते हैं (जैसे हाइड्रोजन पेरोक्साइड, डिटर्जेंट, यूरिया)। हालांकि, कुल 41 प्रतिशत सैंपल क्वालिटी पैरामीटर (फैट और SNF) में फेल हुए। FSSAI ने इसे लार्ज स्केल मिलावट की धारणा को तोड़ने वाला बताया, लेकिन आलोचकों का कहना है कि पानी और अन्य सामान्य मिलावट से क्वालिटी प्रभावित होती है, जो उपभोक्ताओं को ठगा हुआ महसूस कराती है। एफ्लाटॉक्सिन एम 1 और एंटीबायोटिक्स अवशेष भी चिंता का विषय रहे।

हाल के वर्षों में स्थिति और बिगड़ी है। 2022 के मिल्क सर्विलांस रिपोर्ट में कई सैंपल असुरक्षित पाए गए, खासकर अनपाश्चराइज्ड दूध में। 2024-25 में कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, जांचे गए सैंपलों में 38 प्रतिशत मिलावटी निकले। महाराष्ट्र जैसे राज्यों में 79-85 प्रतिशत ब्रांडेड और लूज दूध मिलावटी पाया गया। हालिया जांचों में बड़े ब्रांड्स के दूध में भी कोलीफॉर्म बैक्टीरिया 98 गुना अधिक मिले, यूरिया और डिटर्जेंट की मौजूदगी सामने आई। FSSAI ने दूध, पनीर और खोया में मिलावट के खिलाफ देशव्यापी अभियान चलाया है, लेकिन समस्या जड़ से खत्म नहीं हुई।

मिलावट के मुख्य कारण हैं—दूध की कमी की धारणा, लाभ की लालच, कमजोर आपूर्ति श्रृंखला और ढीली निगरानी। ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों तक दूध पहुंचते समय पानी, डिटर्जेंट (फोम बढ़ाने के लिए), यूरिया (प्रोटीन बढ़ाने के लिए), स्टार्च और सिंथेटिक मिल्क का इस्तेमाल होता है। खुले दूध में यह समस्या ज्यादा है, जबकि पैकेटबंद दूध में भी क्वालिटी इश्यू पाए जाते हैं।

यह समस्या बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों के लिए सबसे ज्यादा खतरनाक है। मिलावटी दूध से कैंसर, हार्मोनल असंतुलन, एलर्जी और पाचन संबंधी रोग हो सकते हैं। विश्व स्तर पर भारत में मिलावट के मामले सबसे ज्यादा रिपोर्ट होते हैं, क्योंकि अन्य विकसित देशों में सख्त नियम और बेहतर टेस्टिंग है।

समाधान के लिए FSSAI को और सख्ती बरतनी होगी—नियमित सैंपलिंग बढ़ाना, हाई-टेक लैब्स स्थापित करना, किसानों को जागरूक करना और दंडात्मक कार्रवाई तेज करना जरूरी है। उपभोक्ताओं को चाहिए कि ब्रांडेड, FSSAI प्रमाणित दूध लें, घर पर लैक्टोमीटर या सिंपल टेस्ट से जांचें और शिकायत करें।

अंत में, दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक होने का गौरव तभी सार्थक होगा जब दूध शुद्ध और सुरक्षित हो। मिलावट पर रोक लगाकर ही हम स्वस्थ भारत का सपना पूरा कर सकते हैं।

# प्रपंच से फजीहत

दिल्ली में आयोजित, भारत की महत्वाकांक्षी वैश्विक एआई समिट की शुरुआत में एक प्राइवेट यूनिवर्सिटी द्वारा विदेशी रोबोट को अपनी खोज बताकर किए दावे ने देश को असहज किया। ग्लोबल साउथ के देशों का नेतृत्व कर रहे भारत की तरक्की को लेकर अकसर मीन-मेख निकालने वाले पश्चिमी मीडिया को ग्रेटर नोएडा स्थित गलगोटिया यूनिवर्सिटी के कृत्य ने नुक्ताचीनी का एक और मौका जरूर दे दिया। जिसको लेकर पश्चिमी मीडिया में खासी चर्चा हुई। यहां एक निष्कर्ष यह भी निकला कि तकनीकी शिक्षा में निजी क्षेत्रों को मौका मिलने का किस हद तक दुरुपयोग भी किया जा सकता है। यह भी कि मौलिक गुणवत्ता से समझौता करके हम देश का कैसा भविष्य तैयार कर रहे हैं। यह घटनाक्रम देश में तेजी से बढ़ती उस नकारात्मक प्रवृत्ति का हश्र भी बताता है, जिसमें आनन-फानन में शॉर्टकट से सफलता की तलाश रहती है। विडंबना यह है कि इस घटना ने वैश्विक एआई सम्मेलन के परिप्रेक्ष्य में कई सवाल पैदा किये। सवाल उठाया कि भारत आज व्यवहार में एआई व रोबोटिक्स के अनुसंधान में कहां खड़ा है? आखिर गलगोटिया यूनिवर्सिटी के नीति-नियंताओं ने यह क्यों नहीं सोचा कि चीन निर्मित एक रोबोट को अपनी उपलब्धि बताने से देश की प्रतिष्ठा को आंच आएगी? अब यूनिवर्सिटी की तरफ से सफाई दी जा रही है कि उसने रोबोट के निर्माण का दावा नहीं किया। वहीं दूसरी ओर उन सरकारी अधिकारियों की भी जवाबदेही तय की जानी चाहिए, जिन्होंने बिना जांच-पड़ताल के विश्वविद्यालय को एआई समिट में स्टॉल लगाने की अनुमति दी। निश्चित रूप से भारत ने पिछले कुछ वर्षों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित तकनीक व रोबोटिक उत्पादन के क्षेत्र में ऊंची छलांग लगाई है। युवा शक्ति के देश भारत ने एआई के क्षेत्र में अमेरिका व चीन के बाद अपना तीसरा स्थान बनाया है। जिसकी पुष्टि अंतर्राष्ट्रीय मानक संस्थाओं ने भी की है। लेकिन एक विरोधाभासी हकीकत यह है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ी आबादी का देश है, जहां श्रम शक्ति प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है।

निस्संदेह, ऐसे वक्त में जब कृषि से लेकर चिकित्सा तक और उत्पादन के क्षेत्र में एआई व रोबोटिक्स की दखल बढ़ रही है, प्रचुर श्रमशक्ति की उपलब्धता के बावजूद भारत को समय के साथ कदमताल करनी होगी। हमें एआई व रोबोटिक्स को अपनाना ही होगा। लेकिन सावधानी के साथ ताकि यह नौकरी खाने वाला बनने के बजाय नौकरी देने वाला बने। इसके साथ ही हमें एआई जगत में अपनी विश्वसनीयता भी कायम करनी होगी। ताकि फिर किसी गलगोटिया यूनिवर्सिटी की खुरापात से देश की फजीहत न हो। बल्कि हमारा शोध व विकास का तंत्र इतना मजबूत हो कि फिर हमारे किसी संस्थान को विदेशी उत्पाद को अपना नवाचारी उत्पाद बताने की जरूरत न पड़े। अन्यथा न केवल एआई समिट बल्कि देश की गरिमा को भी आंच आ सकती है। देश में शोध-अनुसंधान से जुड़े संस्थानों व विश्वविद्यालयों को सोचना होगा कि आज के कृत्रिम मेधा व इंटरनेट के जमाने में किसी खोज के बारे में फर्जी दावा कर पाना संभव नहीं है। बल्कि ऐसे कृत्य से उस संस्थान व देश की प्रतिष्ठा को आंच ही आती है। इसमें दो राय नहीं कि कृत्रिम मेधा आने वाले वर्षों में किसी भी देश की ताकत-संपन्नता का आधार बनेगी। लेकिन इस राह में कामयाबी हासिल करने के लिये देश में शोध-अनुसंधान की बुनियाद मजबूत करने की जरूरत है। अन्यथा देश को छद्म दावों से असहज स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। इससे देश की प्रतिष्ठा को आंच भी आ सकती है। निस्संदेह, आज भारत को देश में रोबोटिक्स को लेकर मजबूत इकोसिस्टम तैयार करना होगा। इसके लिये देश के पास तकनीकी क्षमता और प्रतिभा उपलब्ध है, लेकिन जरूरत इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी चुनौतियों को दूर करने की है।

# चिप्स की जंग में भारत की एंट्री

## (सेमीकंडक्टर सहयोग और बदलती वैश्विक रणनीति)

**डॉ. प्रियंका सौरभ**



भारत और अमेरिका के बीच सेमीकंडक्टर तथा उन्नत तकनीकी सहयोग को लेकर हुआ हालिया करार केवल एक द्विपक्षीय समझौता नहीं है, बल्कि यह बदलते वैश्विक शक्ति-संतुलन, तकनीकी प्रभुत्व और आर्थिक सुरक्षा की दिशा में एक निर्णायक कदम के रूप में देखा जाना चाहिए।

इक्कीसवीं सदी में जिस तरह तेल को बीसवीं सदी की सबसे रणनीतिक वस्तु माना गया था, उसी तरह आज सेमीकंडक्टर को आधुनिक दुनिया की रीढ़ कहा जा सकता है।

मोबाइल फोन से लेकर मिसाइल प्रणाली, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लेकर ऑटोमोबाइल उद्योग तक—हर क्षेत्र में चिप्स की अनिवार्यता ने इसे भू-राजनीति का केंद्र बना दिया है। ऐसे में भारत का पैक्स सिलिका जैसे ढांचों में शामिल होना और अमेरिका के साथ गहरा सहयोग स्थापित करना दूरगामी महत्व रखता है।

पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला की कमजोरियां खुलकर सामने आई हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान चिप संकट ने यह स्पष्ट कर दिया कि कुछ गिने-चुने देशों और कंपनियों पर अत्यधिक निर्भरता पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था को अस्थिर कर सकती है।

इस निर्भरता का सबसे बड़ा केंद्र चीन और ताइवान क्षेत्र रहा है। अमेरिका और उसके सहयोगी देशों ने इसे केवल आर्थिक नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के खतरे के रूप में देखा है। इसी पृष्ठभूमि में भारत जैसे लोकतांत्रिक, स्थिर और तेजी से उभरते बाजार वाले देश की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है।

भारत लंबे समय तक सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन में एक सीमित भूमिका निभाता रहा है, जहां उसका योगदान मुख्यतः चिप डिजाइन और आईटी सेवाओं तक सीमित था। हालांकि निर्माण, कच्चे माल की शुद्धता, और अत्याधुनिक फैब्रिकेशन जैसी क्षमताओं में देश पीछे रहा। हालिया समझौते इस कमी को दूर करने की दिशा में संकेत देते हैं। अमेरिका के साथ साझेदारी भारत को न केवल तकनीकी ज्ञान और निवेश उपलब्ध कराएगी, बल्कि वैश्विक मानकों के अनुरूप एक मजबूत और भरोसेमंद सप्लाई चेन का हिस्सा भी बनाएगी।

इस सहयोग का एक महत्वपूर्ण पहलू दुर्लभ खनिजों और उच्च गुणवत्ता वाले सिलिकॉन जैसे कच्चे माल से जुड़ा है।

सेमीकंडक्टर निर्माण के लिए जिन तत्वों की आवश्यकता होती है, उनमें से कई का वैश्विक नियंत्रण चीन के पास है। यह स्थिति रणनीतिक जोखिम पैदा करती है।

भारत-अमेरिका सहयोग इस निर्भरता को कम करने और वैकल्पिक स्रोत विकसित करने की दिशा में अहम कदम है।

भारत के पास खनिज संसाधनों की संभावनाएं हैं, जिन्हें तकनीक और निवेश के माध्यम से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला से जोड़ा जा सकता है।

आर्थिक दृष्टि से यह करार भारत के लिए बड़े अवसर खोलता है। सेमीकंडक्टर उद्योग पूंजी-प्रधान होने के साथ-साथ रोजगार सृजन की अपार क्षमता रखता है। एक फैब्रिकेशन यूनिट के आसपास पूरा एक औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र विकसित होता है, जिसमें आपूर्तिकर्ता, अनुसंधान संस्थान, स्टार्टअप्स और कुशल मानव संसाधन शामिल होते हैं। इससे न केवल प्रत्यक्ष रोजगार बढ़ेगा, बल्कि उच्च तकनीकी कौशल वाले युवाओं के लिए नए रास्ते खुलेंगे। यह भारत की जनसांख्यिकीय लाभांश को वास्तविक आर्थिक शक्ति में बदलने में सहायक हो सकता है।

रणनीतिक स्तर पर यह साझेदारी भारत की विदेश नीति में भी एक नया आयाम जोड़ती है। भारत लंबे समय से रणनीतिक स्वायत्तता की नीति का पालन करता आया है, जहां वह किसी एक शक्ति गुट पर निर्भर न रहते हुए अपने हितों के अनुसार सहयोग करता है।

अमेरिका के साथ यह तकनीकी सहयोग उसी संतुलन का उदाहरण है। यह भारत को पश्चिमी देशों के साथ निकटता तो देता है, लेकिन साथ ही उसे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एक स्वतंत्र और महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में स्थापित करता है। इससे भारत की वैश्विक सौदेबाजी क्षमता भी मजबूत होती है।

हालांकि इस पूरे परिदृश्य में चुनौतियां भी कम नहीं हैं। सेमीकंडक्टर निर्माण अत्यंत जटिल और लागत-भारी प्रक्रिया है, जिसमें निरंतर नवाचार, स्थिर नीतिगत समर्थन और दीर्घकालिक निवेश की आवश्यकता होती है।

भारत में बुनियादी ढांचे, बिजली की गुणवत्ता, जल उपलब्धता और कुशल श्रमबल जैसी समस्याओं को हल किए बिना इस उद्योग में वैश्विक प्रतिस्पर्धा संभव नहीं है।

इसके अलावा, तकनीकी हस्तांतरण और बौद्धिक संपदा अधिकारों से जुड़े मुद्दे भी संवेदनशील हैं, जिनका संतुलित समाधान आवश्यक होगा।

एक और महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या भारत इस सहयोग को केवल आयात-प्रतिस्थापन तक सीमित रखेगा या इसे नवाचार-आधारित आत्मनिर्भरता में बदल पाएगा। यदि भारत केवल विदेशी कंपनियों के लिए एक उत्पादन स्थल बनकर रह जाता है, तो दीर्घकालिक लाभ सीमित होंगे। आवश्यकता इस बात की है कि देश में अनुसंधान और विकास को समानांतर रूप से बढ़ावा दिया जाए, विश्वविद्यालयों और उद्योग के बीच गहरा तालमेल बने, और घरेलू स्टार्टअप्स को इस पारिस्थितिकी तंत्र में स्थान मिले। तभी भारत वास्तव में सेमीकंडक्टर क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की ओर बढ़ सकता है।

भू-राजनीतिक संदर्भ में यह करार एक स्पष्ट संदेश भी देता है। यह संदेश केवल चीन को नहीं, बल्कि पूरी दुनिया को है कि लोकतांत्रिक देश मिलकर तकनीकी आपूर्ति श्रृंखला को अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और विविधतापूर्ण बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

हालांकि भारत को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि वह किसी नए ध्रुवीकरण का मोहरा न बने, बल्कि अपनी विकासात्मक प्राथमिकताओं को केंद्र में रखे।

अंततः, भारत और अमेरिका के बीच सेमीकंडक्टर सहयोग भविष्य की उस दुनिया की झलक देता है जहां तकनीक, अर्थव्यवस्था और सुरक्षा आपस में गहराई से जुड़ी होंगी।


यह भारत के लिए एक अवसर है कि वह खुद को केवल एक बड़ा बाजार नहीं, बल्कि एक विश्वसनीय तकनीकी साझेदार के रूप में स्थापित करे।

सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि नीतिगत इच्छाशक्ति, संस्थागत क्षमता और दीर्घकालिक दृष्टि को किस हद तक व्यवहार में उतारा जाता है।

यदि यह संतुलन साध लिया गया, तो यह करार भारत की तकनीकी यात्रा में मील का पत्थर साबित हो सकता है।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3809




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




### काकुरो - 3808 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

रमन (नरेश से)- तुम्हारी पत्नी रोजाना घर में इतनी? खिटपिट करती रहती है। तुम इतना तनावपूर्ण वातावरण को कैसे सह लेते हो?

नरेश (बड़े इत्मीनान से बोला)- दोस्त! ऑफिस एक ऐसा स्थान है, जहाँ आप घर के तनावों से मुक्ति पाकर विश्राम कर सकते हैं। और रोजाना मैं भी वही करता हूँ।

☐ ☐ ☐

रमन-चमन आपस मे बातें कर रहे थे।

रमन (चमन से)- मेरी पत्नी दूसरी मंजिल से गिर गई।

चमन- क्या वह मर गई?

रमन- नहीं यार, यह तो अच्छा हुआ कि वह बाल-बाल बच गई।

चमन- अरे यार, तुम केवल बालों का क्या करोगे।

☐ ☐ ☐


रमन (मित्र से)- 'यार तेरा हाथ कैसे फ्रैक्चर हो गया?'

चमन- 'कल मैं तेज मोटरसाइकल चलाकर घर आ रहा था, तभी सामने से एक ट्रक आ गया। मैंने ब्रेक मारा और...।'

रमन- 'उसने तुझे टक्कर मार दी।'

☐ ☐ ☐

## फिल्म वर्ग पहेली- 3809



**बायें से दायें:-**

१. मनोजकुमार, साधना की 'तुम बिन जीवन कैसे बीता' गीतवाली फिल्म-३
३. 'चली सात फेरे लेकर' गीत वाली मिलिंद सोमण, विक्रम फिल्म-३
५. अभिषेक, उदय चोपड़ा, जॉन अब्राहम, रिमी सेन, ईशा देओल की फिल्म-२
७. 'हो जाता है प्यार' गीत वाली अमिताभ, हेमा मालिनी और प्राण की फिल्म-३
८. अनिलकपूर, जैकीश्रॉफ, अजय, मनीषा, रेखा, सोनाली, माधुरी की फिल्म-२
९. 'ना वादा करते हैं' गीत वाली सुनील शेट्टी, सोमी अली की फिल्म-२
१०. अनिलकपूर, पूनम ढिल्लों की 'मिली तेरे प्यार की छाँव' गीत वाली फिल्म-३
१३. शाहरूख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या फिल्म-२
१४. अजय देवगन, विवेक, मनीषा की 'खल्लास' गीत वाली फिल्म-३
१५. राजेंद्रकुमार, साधना की फिल्म-३
१७. फिल्म 'दोस्ताना' की नायिका थी-३
१८. 'मेरे भैया मेरे चंदा' गीत वाली राजकुमार, धर्मेन्द्र की फिल्म-३
१९. शशिकपूर, जीनत अमान की एक फिल्म-३
२२. बी. आर. इशारा निर्देशित विजय अरोड़ा, रीनाराय की १९७२ की एक फिल्म-४
२३. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'दिले बेताब को सीने से' गीत वाली फिल्म-३
२४. अनिल, श्रीदेवी, रवीना की फिल्म-३
२५. आमिरखान, मनीषा की फिल्म-२
२६. १९७१ में बनी जीतेंद्र, डिम्पल कपाड़िया की श्याम रल्हन निर्देशित फिल्म-२
२७. 'मिजाजे गिरामी दुआ है आपकी' गीत वाली फिल्म-२
२८. फिल्म 'जांनशीन' में नायक-४,२
२९. शाहिद कपूर, करीना की 'दिल मेरे ना और' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'बंदा ये बिंदास है' गीत वाली फिल्म-२
२. विकास भल्ला, काजोल की फिल्म-३
३. 'हाय हाय ये मजबूरी' गीत वाली मनोज कुमार जीनत अमान की फिल्म-२,३,२,३
४. फिल्म 'घर में श्याम गली में राम' में गोविंदा के साथ नायिका कौन थी-३
६. आफताब शिवदासानी, उर्मिला मातोंडकर की फिल्म-२
९. 'बड़ी मुश्किल है खोया मेरा दिल है' गीत वाली शाहरूख, माधुरी की फिल्म-३
११. फिल्म 'इंडियन' में नायक कौन था-२
१२. मनोजकुमार की राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत फिल्मों में उनके किरदार का नाम है?-३
१३. राजेश, जया भादुड़ी की 'बरस गई रे तरस गई' गीत वाली फिल्म-२,१,३
१५. अक्षय, सुनील, जैकी, रवीना, लारा दत्ता की फिल्म-२
१६. जैकी श्रॉफ, फरहा की फिल्म-४
१७. 'शीशी भरी गुलाब की' गीत वाली रणधीरकपूर, बबीता की फिल्म-२
२०. करण दीवान, स्वर्णलता की 'अंखियां मिलाके जिया' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'चलो दिलदार चलो' गीत वाली राजकुमार, मीनाकुमारीकी फिल्म-३
२३. हिमालय, भाग्यश्री की 'मुझको पायल नाम दिया' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'आज की रात नया चाँद' गीत वाली मनोज, धर्मेन्द्र, सायरा बानों की फिल्म-२
२७. अजय देवगन, ट्विंकल खन्ना की 'नैनों में महबूब के' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3808



## सूडोकु -3809

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 7 | | | |
| | | 8 | 2 | | | | 7 | 5 |
| | 4 | | | 3 | | | | 6 |
| | 7 | 1 | | | 2 | | 5 | |
| 8 | | | | 4 | | | | 3 |
| | 2 | | 8 | | | 9 | 6 | |
| 2 | | | | 8 | | | 3 | |
| 4 | 3 | | | | 9 | 8 | | |
| | | | 3 | | | | | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3808 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 2 |
| 1 | 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 5 |
| 8 | 6 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 9 | 1 | 5 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 2 | 7 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 |

## शब्द पहेली - 3809



**बाएँ से दाएँ**

1. सफल,उत्तीर्ण-4
5. ओस,रजनीजल-4
7. फरार होना,चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना,मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु,चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट,अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण,सम्राट-4
32. गजानन,गणपति-4

**ऊपर से नीचे**

2. मां,आई,मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता,रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार,जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन,प्रतिज्ञा-2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ,उपनयन संस्कार-5
19. विलेन,नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम,मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट,अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास,बंधन-2

### शब्द पहेली - 3808 का हल



# ग्रेटर नोएडा में छोटे भाई की हत्या

## मुआवजे के बंटवारे को लेकर बड़े भाई पर मर्डर का आरोप

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के कलूपुरा गांव में अधिग्रहण के मुआवजे के बंटवारे को लेकर छोटे भाई की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि बड़े भाई ने अपने बेटे और ससुर के साथ मिलकर 25 वर्षीय छोटे भाई सुखदेव शर्मा की हत्या कर दी।



पुलिस के अनुसार, 25 वर्षीय सुखदेव शर्मा तीन दिन पहले घर से बाइक लेकर निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। रविवार दोपहर गांव से कुछ दूरी पर सड़क किनारे ईख के खेत में उनका शव लहूलुहान हालत में पड़ा मिला। पास ही उनकी क्षतिग्रस्त बाइक और हेलमेट भी बरामद हुआ। प्रारंभिक तौर पर ग्रामीण इसे सड़क दुर्घटना मान रहे थे, लेकिन परिजनों ने हत्या की आशंका जताई।

मृतक के पिता सुरेश शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि कुछ दिन पूर्व उन्हें यमुना प्राधिकरण से करीब 30 लाख रुपये का मुआवजा मिला था। इसी रकम के बंटवारे को लेकर बड़ा बेटा हरकेश शर्मा विवाद करता था।

सुरेश शर्मा के अनुसार, हरकेश ने अपने पुत्र हिमांशु और जेवर निवासी ससुर अनिल शर्मा के साथ मिलकर सुखदेव के सिर पर भारी वस्तु से वार कर हत्या कर दी। इसके बाद घटना को दुर्घटना का रूप देने के लिए शव और बाइक को खेत में फेंक दिया।

पुलिस ने रविवार देर शाम मृतक के पिता की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सभी आरोपी फिलहाल फरार बताए जा रहे हैं।

घटना से आक्रोशित परिजनों ने पुलिस पर तीन दिन पहले सुखदेव के लापता होने की सूचना के बावजूद कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। रबूपुरा कोतवाली प्रभारी का कहना है कि घटना में नामजद आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# ग्रेटर नोएडा में बारात में किशोर की मौत

## जनरेटर के करंट से झुलसा, अस्पताल में मृत घोषित

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के महमदपुर जादौन गांव में शनिवार देर रात एक बारात चढ़त के दौरान जनरेटर के करंट की चपेट में आने से 14 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। किशोर बैंड बाजे के साथ झूमर लाइट पकड़े हुए था। उसे गंभीर हालत में नोएडा के जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान रबूपुरा के गांधीनगर निवासी उजैव के रूप में हुई है। वह पब्लिक इंटर कॉलेज में आठवीं कक्षा का छात्र था। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण उजैव पार्ट टाइम बैंड बाजे में लाइट पकड़ने का काम करता था। यह घटना महमदपुर जादौन गांव में पप्पू की बेटी की शादी में दादरी के मकोड़ा गांव से आई बारात के दौरान हुई। बारात चढ़त में दूल्हे के बराबर में खड़ा उजैव झूमर लाइट पकड़े हुए था। बताया जा रहा है कि तार में कट होने के कारण वह जनरेटर के करंट की चपेट में आ गया और बुरी तरह झुलस गया। घटना के बाद बारात में अफरा-तफरी मच गई। परिजनों ने उजैव को आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका।

# निवेश के नाम पर ठगे 64 लाख

### 20 से अधिक बार में खाते में कराए ट्रांसफर, साइबर खाते में दर्ज कराई रकम

नोएडा। निवेश पर कम समय में मोटा मुनाफा होने का झांसा देकर साइबर जालसाजों ने एक आर्किटेक्ट के साथ 64 लाख 59 हजार रुपए की ठगी कर ली। 20 से अधिक बार में खाते में रकम ट्रांसफर कराई। इस मामले में पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कराया है। जिन खातों में ठगी की रकम गई है पुलिस उन खातों की जांच करने में जुट गई है।

सेक्टर 58 के रजत बिहार निवासी 57 साल के पीड़त ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीते साल नवंबर के पहले सप्ताह में उन्हें वाट्सऐप पर विदेशी मुद्रा (फॉरेक्स) ट्रेडिंग से जुड़ा बिजनेस ऑफर मिला। खुद को आशी अग्रवाल बताने वाली महिला ने संपर्क किया और एक वेबसाइट के जरिए पांच से 20 मिनट की शॉर्ट-टर्म ट्रेडिंग में भारी मुनाफे का भरोसा दिया।

शुरुआत में वेबसाइट के डैशबोर्ड पर मुनाफा दिखाया गया, जिससे उनका भरोसा बढ़ता गया। इसके बाद उन्हें बार-बार अलग-अलग बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करने को कहा गया। हर ट्रांजैक्शन से पहले नया खाता नंबर दिया जाता और 30 मिनट बाद राशि जमा करने को कहा जाता था। 26 नवंबर 2025 से 11 फरवरी 2026 के बीच पीड़ित ने अपनी बचत, फिक्स्ड डिपॉजिट और म्यूचुअल फंड तक तोड़कर कुल 64.59 लाख ट्रांसफर किए।

जब उन्होंने पैसा निकालने की कोशिश की तो उनसे कहा गया कि निकासी के लिए 10 से 13 लाख रुपये और जमा करने होंगे। कई अन्य शर्तों का भी पालन करना होगा।

पीड़ित ने जब और रकम ट्रांसफर करने से इनकार किया तो उसे निवेश की हुई रकम भी न मिलने की धमकी दी गई।

# दनकौर में लोक शक्ति के कार्यकर्ताओं ने संगठन छोड़ा

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर में भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के कई कार्यकर्ताओं ने शनिवार को संगठन छोड़ दिया। कार्यकर्ताओं ने किसान एकता संघ की सदस्यता ग्रहण कर ली। इन कार्यकर्ताओं ने किसान एकता संघ की कार्यप्रणाली और नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए यह निर्णय लिया। यह कार्यक्रम किसान एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सोरन प्रधान के आवास पर आयोजित किया गया। इस दौरान चौधरी सोरन प्रधान ने नए सदस्यों को टोपी पहनाकर औपचारिक रूप से संगठन में शामिल किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सोरन प्रधान ने कहा कि किसान एकता संघ किसानों और आम जनमानस के हितों के लिए लगातार संघर्ष कर रहा है। उन्होंने नए सदस्यों को आश्वासन दिया कि संगठन अपने प्रत्येक सदस्य के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़ा रहेगा।

# नोएडा में फूलों से बनाया केदारनाथ मंदिर

## फ्लावर शो देखने 3 दिन में 4 लाख लोग पहुंचे, करेले से बने हाथी के साथ सेल्फी ली

**नोएडा।** नोएडा में चल रहे फ्लावर शो में लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। तीन दिनों में करीब 4 लाख लोग यहां पहुंच चुके हैं। इस बार शो की थीम केदारनाथ मंदिर रखी गई है, जिसे पूरी तरह फूलों से तैयार किया गया है। यही इस बार का सबसे बड़ा आकर्षण बना हुआ है।

फूलों से तैयार मंदिर करीब 30 फीट लंबा और 40 फीट ऊंचा है। इसे गुलाब और गुलदाउदी जैसे फूलों से सजाया गया है। मंदिर को बनाने में करीब 68 लाख रुपए खर्च हुए हैं। मंदिर परिसर में 8 फीट लंबा और 3 फीट ऊंचा शिवलिंग और नंदी भी बनाए गए हैं। प्रवेश द्वार पर फूलों से त्रिशूल और डमरू तैयार किए गए हैं।

### मुख्य गेट भी केदारनाथ थीम पर



फ्लावर शो का मुख्य गेट भी केदारनाथ मंदिर की थीम पर बनाया गया है। इसकी लंबाई करीब 22 फीट और ऊंचाई 25 फीट है। यहां आते ही लोगों को फूलों की खुशबू और आकर्षक सजावट देखने को मिलती है। मुख्य पाथ-वे पर 7 फीट ऊंची बास्केट की सजावट की गई है। इसके अलावा ढोलक शेप बास्केट, मटका फ्लो, बुद्धा लोटस जैसी कई फ्लोरल आकृतियां बनाई गई हैं।

पियानो, लाइब्रेरी और अन्य कई सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए हैं। जहां फोटो और वीडियो बनाने वालों की भीड़ लगी रहती है।

### एंट्री फ्री, 50 से ज्यादा स्टॉल

फ्लावर शो में प्रवेश निशुल्क है। यहां करीब 50 स्टॉल लगाए गए हैं। जहां पौधे और उनसे जुड़े क्राफ्ट खरीदे जा सकते हैं। साथ ही फूड जोन और बच्चों के लिए मनोरंजन की भी व्यवस्था है।

### इन संस्थानों ने लगाई प्रदर्शनी

फ्लावर शो में उत्तर रेलवे, नई दिल्ली म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन, दक्षिणी दिल्ली म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन, भारतीय थल सेना, कोटा हाउस, भारत पेट्रोलियम, एलजी, एडोब सिस्टम, एनआईआईटी, दिल्ली पब्लिक स्कूल, यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण समेत कई संस्थान शामिल हुए हैं।

# अखिलेश यादव की बेटी की आपत्तिजनक फोटो पोस्ट

## कोर्ट के आदेश पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज, जांच शुरू

गौतम बुद्ध नगर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की बेटी की आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।




यह कार्रवाई गौतमबुद्धनगर जिला दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज भाटी बोड़ाकी की याचिका पर न्यायालय के आदेश के बाद की गई है। सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मनोज भाटी ने न्यायालय में दायर प्रार्थना पत्र में बताया कि अखिलेश यादव की पुत्री की कथित आपत्तिजनक फोटो इंडियन स्टोरी नामक एक सोशल मीडिया अकाउंट से पोस्ट की गई थी। आरोप है कि इस पोस्ट के माध्यम से परिवार की छवि धूमिल करने और सामाजिक रूप से बदनाम करने का प्रयास किया गया।

याचिका में कहा गया है कि उक्त पोस्ट पर 100 से अधिक आपत्तिजनक टिप्पणियां की गईं, जिससे पीड़िता और मुलायम सिंह यादव के परिवार को मानसिक आघात पहुंचा तथा उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा प्रभावित हुई। इस कृत्य को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 151, 356, 356 (3), 354-सी और आईटी एक्ट की धारा 66-ई तथा 67 के तहत दंडनीय अपराध बताया गया है।

अधिवक्ता मनोज भाटी के अनुसार, इस मामले में 30 दिसंबर 2025 को थाना सूरजपुर में लिखित तहरीर दी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद 1 जनवरी 2026 को पुलिस उपायुक्त (सेंट्रल) को भी रजिस्टर्ड डाक से शिकायत भेजी गई थी, फिर भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई।

इसके उपरांत उन्होंने न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गौतमबुद्धनगर की शरण ली।

न्यायालय ने थाना सूरजपुर को रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इन निर्देशों के बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# जेवर में बुजुर्ग महिला से धोखाधड़ी

**जेवर।** जेवर पुलिस ने एक बुजुर्ग महिला से धोखाधड़ी कर लाखों रुपये की जमीन का बैनामा कराने और उनके खाते से पैसे निकालने के आरोप में सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई हरियाणा निवासी लवकुमार की शिकायत पर अदालत के आदेश के बाद की गई है। लवकुमार ने अपनी शिकायत में बताया कि उनकी 83 वर्षीय दादी कलवत पत्नी माधव सिंह की सुनने की क्षमता कम है और उनकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं रहती। उनकी दादी के नाम जेवर के गांव शमशम नगर में 0.379 हेक्टेयर जमीन है। आरोप है कि 3 सितंबर 2025 को जब उनकी दादी जमीन देखने गांव आई थीं, तो हरिओम, हिम्मत सिंह, शीशपाल, ओमवीर, अशोक, भीम और सुभाष ने उन्हें जबरन बंधक बना लिया। लवकुमार अपनी दादी की तलाश करते रहे, लेकिन उनका पता नहीं चला। आरोपियों ने 29 सितंबर 2025 को धोखाधड़ी कर दादी से जमीन का बैनामा करा लिया। इसके बाद उन्होंने दादी का एक बैंक खाता खुलवाया, जिसमें जमीन के पैसे डाले गए। बाद में, इन पैसों को भी धोखाधड़ी से निकाल लिया गया। 11 नवंबर 2025 को आरोपी पीड़ित की दादी को उनके घर छोड़कर गए। जाते समय आरोपियों ने उन्हें गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी भी दी। इसके बाद लवकुमार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। मजबूरन, पीड़ित को अदालत की शरण लेनी पड़ी।

# नोएडा प्राधिकरण खुद बनाएगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स

नोएडा। खेलो इंडिया खेलों की तर्ज पर सेक्टर-123 में बनाए जाने वाले स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को प्राधिकरण ने खुद बनवाने का निर्णय लिया है। बजट व ड्राइंग को मंजूरी के लिए आईआईटी दिल्ली को भेज दिया है।

आईआईटी से मंजूरी के बाद टेंडर की प्रक्रिया होगी। स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को खुद बनवाया जाए या पीपीपी मॉडल, इस पर एक साल से भी अधिक संख्या में विचार चल रहा था।

अधिकारियों ने बताया कि आईआईटी दिल्ली की मंजूरी के बाद फाइल प्राधिकरण स्तर पर बनी एक कमेटी के पास जाएगी। यहां से मंजूर होते ही टेंडर जारी कर दिया जाएगा। ऐसे में उम्मीद है कि एक महीने के अंदर कॉम्प्लेक्स के निर्माण के लिए प्राधिकरण टेंडर जारी कर देगा। अधिकारियों ने बताया कि कॉम्प्लेक्स बन जाने के बाद इसको संचालन के लिए किसी एजेंसी को दिया जाएगा।

इस स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक, जेवलिन थ्रो का ग्राउंड, स्विमिंग पूल समेत अन्य सुविधाएं होंगी। साथ ही, फुटबाल ग्राउंड व दर्शकों को बैठने की जगह भी बनाई जाएगी। एक मल्टीपर्पज हॉल भी बनवाया जाएगा। यहां पर 26.65 एकड़ जमीन पर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स व अन्य सुविधाएं बनेंगी। इस परियोजना में करीब 70 करोड़ रुपये की लागत आनी अनुमानित है।

# नोएडा में 100 किलो गुलाब जामुन नष्ट, रिफाइंड तेल सीज

### होली से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी

गौतम बुद्ध नगर। गौतमबुद्धनगर में होली पर्व के मद्देनजर सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने रविवार को पूरे जिले में छापेमारी अभियान चलाया। यह कार्रवाई जिलाधिकारी के निर्देश पर की गई।

इसी अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारी रितु सक्सेना और अमर बहादुर सरोज की टीम ने नोएडा के सेक्टर 62 स्थित %सम्यक मिठाईवाला% पर छापा मारा। निरीक्षण में लगभग 100 किलोग्राम गुलाब जामुन दूषित पाए गए, जिनमें मक्खी-मच्छर पड़े थे। टीम ने एक नमूना लेकर



शेष गुलाब जामुन मौके पर ही नष्ट करवा दिया।

एक अन्य कार्रवाई में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में मुकेश कुमार, रविंद्र नाथ वर्मा, विजय बहादुर पटेल और सय्यद इबादुल्लाह की टीम ने ग्रेटर नोएडा के कासना स्थित जानकी बल्लभ फूड्स प्राइवेट लिमिटेड की खाद्य तेल निर्माण इकाई पर छापा मारा। जांच में न्यूट्रीग्लो ब्रांड के 750 ग्राम रिफाइंड सोयाबीन ऑयल, 13 किलोग्राम पैक्ड टीन रिफाइंड सोयाबीन तेल और 750 ग्राम पैक्ड रिफाइंड पॉमोलिन ऑयल के नमूने लिए गए।

निरीक्षण में पाया गया कि सभी उत्पादों पर फोर्टिफिकेशन का लोगो अंकित था, जबकि फोर्टिफिकेशन नहीं किया गया था। इसके अलावा, बैच नंबर और अन्य आवश्यक अभिलेख भी उपलब्ध नहीं थे।

इन अनियमितताओं के चलते टीम ने 291 टीन रिफाइंड सोयाबीन ऑयल, 3968 पैक्ड पाउच रिफाइंड सोयाबीन ऑयल और 6995 पैक्ड पाउच रिफाइंड पॉमोलिन ऑयल को सीज कर दिया।

साथ ही, न्यूट्रीलाइव गोल्ड ब्रांड के 15 किलोग्राम वाले 91 टीन रिफाइंड पॉमोलिन तेल भी मिले, जिनकी निर्माण तिथि समाप्त हो चुकी थी। ये टीन अन्य कंपनी के ट्रेडिंग के लिए रखे गए थे। टीम ने एक नमूना लेकर शेष 91 टीन भी सीज कर दिया।

कुल मिलाकर विभाग ने पांच नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे हैं और कहा कि यह छापेमारी अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# ग्रेटर नोएडा में 12 लाख का गांजा जब्त, 2 आरोपी गिरफ्तार

### पश्चिम बंगाल से लाकर एनसीआर में करते थे सप्लाई

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सूरजपुर थाना पुलिस और एएनटीएफ टीम मेरठ ने संयुक्त अभियान में दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 80 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 12 लाख रुपये बताई जा रही है। तस्करी में इस्तेमाल की गई एक क्रेटा कार भी पुलिस ने जब्त कर ली है।

पुलिस ने रविवार को मोजरबीयर गोलचक्कर सर्विस रोड के पास कस्बा सूरजपुर क्षेत्र में घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ा।

गिरफ्तार तस्करों की पहचान दुजाना निवासी रविंद्र नागर और बुलंदशहर निवासी मोंटी के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उनके पास से कुल 80.5 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ।

थाना प्रभारी विनोद कुमार के अनुसार आरोपी काफी समय से संगठित तरीके से गांजा तस्करी कर रहे थे। पूछताछ में सामने आया कि वे पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश से सस्ते दामों पर गांजा खरीदते थे। इसके बाद लग्जरी गाड़ियों में माल छिपाकर एनसीआर क्षेत्र में लाते और ट्रक चालकों व मजदूरों को ऊंचे दामों पर बेचते थे।

पुलिस का कहना है कि आरोपी रविवार को भी गांजे की खेप सप्लाई करने की फिराक में थे, लेकिन उससे पहले ही संयुक्त टीम ने उन्हें दबोच लिया।

बरामदगी के बाद दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

जांच एजेंसियां अब इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुट गई हैं। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि आरोपी किन-किन लोगों से गांजा खरीदते थे और एनसीआर में किन जगहों पर इसकी सप्लाई की जाती थी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर में मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं और आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

# यादव जी की लव स्टोरी पर यादव समाज में आक्रोश

**नोएडा।** फिल्म यादव जी की लव स्टोरी देश में विवादों में घिर गई है। यादव समाज ने फिल्म के शीर्षक और कहानी पर कड़ी आपत्ति जताई है। समाज का आरोप है कि फिल्म उनके समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचा रही है और उनकी छवि को गलत तरीके से पेश कर रही है। नोएडा में कृष्णवंशी महासभा और यादव समाज के लोगों ने एक बड़ी पंचायत का आयोजन किया। इस पंचायत में उत्तर प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों से समाज के प्रतिनिधि शामिल हुए। उन्होंने फिल्म के निर्माता, निर्देशक और कलाकारों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की। पंचायत के बाद, जिले के थाना 113 में फिल्म के निर्माता संदीप तोमर, निर्देशक अंकित भड़ाना, अभिनेत्री प्रगति तिवारी, अभिनेता विशाल मोहन, सुविंदर विक्की, रजत तनवर, संगीत निर्देशक विष्णु नारायण और गीतकार रोहित सरदाना के खिलाफ स्न्रढ्ढक्रदर्ज करने की मांग की गई। समाज का आरोप है कि फिल्म के माध्यम से यादव समाज की छवि को नुकसान पहुंचाया गया है और उनकी भावनाओं को आहत किया गया है। यादव समाज के नेताओं ने बताया कि उन्होंने कई बार फिल्म के निर्माता और निर्देशक से संपर्क कर विवादित शीर्षक और कहानी में बदलाव का अनुरोध किया था।

# शार्ट न्यूज

## ग्रेटर नोएडा में सोसाइटी पार्किंग से वाहन चोरी

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में चोरों के हौसले बुलंद होते दिख रहे हैं। बिसरख थाना क्षेत्र की ला रेजिडेंशिया सोसायटी की पार्किंग से एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सोसायटी में लगातार हो रही चोरी की वारदातों से निवासियों में रोष है। निवासी सुनील जलोटा ने बताया कि सोसायटी की सुरक्षा व्यवस्था बेहद खराब है और आए दिन चोरी की घटनाएं होती रहती हैं। पिछले दो दिनों में दो चोरी की वारदातें सामने आई हैं। पहली घटना 20 फरवरी को हुई, जब सोसायटी की पार्किंग से एक साइकिल चोरी कर ली गई। यह भी सीसीटीवी में कैद हो गई थी। दूसरी घटना 21 फरवरी को हुई। पार्किंग में खड़ी एक मोटरसाइकिल को एक व्यक्ति ने चुरा लिया। चोर पहले मोटरसाइकिल का लॉक खोलता है और फिर उसे लेकर फरार हो जाता है। इन दोनों घटनाओं के बाद सोसायटी के लोगों में काफी गुस्सा है। उनका कहना है कि सोसायटी के अंदर की पार्किंग से वाहन चोरी हो जाते हैं, लेकिन गेट पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को इसकी भनक तक नहीं लगती।

## दनकौर में पेफोन मशीन के नाम पर ठगी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में एक किराना स्टोर संचालक साइबर ठगी का शिकार हो गए। पेफोन मशीन लगाने के बहाने उनके बैंक खाते से 16 हजार रुपये निकाल लिए गए। पीड़ित ने शनिवार शाम कोतवाली की साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है। अमेठी जिले के मूल निवासी सतीश दनकौर कस्बे में किराना स्टोर चलाते हैं। उन्होंने बताया कि तीन दिन पहले एक व्यक्ति उनकी दुकान पर आया और पेफोन मशीन लगाने का प्रस्ताव दिया। मशीन स्थापित करने की प्रक्रिया के दौरान आरोपी ने सतीश के बैंक खाते की जानकारी हासिल कर ली। इसके बाद आरोपी ने उनके खाते से कई किश्तों में कुल 16 हजार रुपये निकाल लिए। सतीश को मोबाइल पर आए मैसेज से रकम कटने की जानकारी मिली। शुरुआत में उन्हें तकनीकी गड़बड़ी का संदेह हुआ, लेकिन शनिवार को बैंक जाकर पासबुक और खाते का विवरण चेक कराने पर धोखाधड़ी की पुष्टि हुई। घटना के बाद पीड़ित ने दनकौर कोतवाली पहुंचकर साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि शिकायत दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस संबंधित बैंक खातों और मोबाइल नंबरों की जानकारी जुटा रही है।

## डीएम ने बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिलाया

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा स्थित हेलीपैड पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण करते समय जिलाधिकारी मेधा रूपम ने एक महिला को अपने छोटे बच्चों के साथ काम करते देखा। बच्चों की स्थिति पर ध्यान देते हुए, जिलाधिकारी तुरंत उनके पास पहुंचीं। जिलाधिकारी ने पाया कि महिला निर्माण कार्य में लगी थी, जबकि बच्चे पास में बैठे थे। उन्होंने तत्काल बच्चों को कपड़े दिए और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि उनका नजदीकी विद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने जोर देकर कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और प्रशासन उनकी पढ़ाई का पूरा प्रबंध करे। मुख्यमंत्री के आगमन के मद्देनजर हेलीपैड और कार्यक्रम स्थल पर तैयारियां तेजी से चल रही हैं। जिलाधिकारी सुरक्षा, साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने स्वयं मौके पर मौजूद थीं। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (एडीएम) और उप-जिलाधिकारी (एसडीएम) सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे। जिलाधिकारी मेधा रूपम की इस कार्रवाई की स्थानीय लोगों ने सराहना की है।

## न्याय और जनसेवा मेगा विधिक शिविर में दी गई सरकारी योजनाओं की जानकारी

नोएडा। आम जनता को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने और शासन की योजनाओं को उन तक पहुँचाने के उद्देश्य से आज नोएडा में एक विशाल शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नोएडा शिल्प हाट में इस मेगा विधिक साक्षरता एवं सेवा शिविर का आगाज़ हुआ। बता दे कि कानून की जानकारी ही आम नागरिक की सबसे बड़ी ताकत है। इसी मंत्र के साथ आज नोएडा के सेक्टर-33ए स्थित शिल्प हाट में न्याय और सेवा का एक बड़ा मंच सजा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित इस मेगा कैंप में सैकड़ों लोग पहुँचे, जिन्हें विशेषज्ञों द्वारा कानून की छोटी-छोटी मगर महत्वपूर्ण बारीकियों से अवगत कराया गया। इस शिविर की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि यहाँ एक ही छत के नीचे स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास से जुड़ी शासन की तमाम कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी समेत जिले के तमाम आला अफसरों ने खुद मोर्चा संभाला और लाभार्थियों को प्रमाण पत्र सौंपे।

## एक्सप्रेस-वे पर रफ्तार का कहर, स्कॉर्पियो और दो ईको में जोरदार भिड़ंत, एक की मौत 5 घायल

**नोएडा। वकार सैफी।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला जब थाना सेक्टर-39 इलाके में स्थित सेक्टर-82 कट के पास तीन गाड़ियाँ आपस में टकरा गईं। इस टक्कर में एक महिला की मौत हो गई है, जबकि पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर वाहनों को मार्ग से हटाकर यातायात सामान्य कराया और मामले में आगे की विधिक में जुट गई है। बता दे कि तेज रफ्तार और असावधानी एक बार फिर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर काल बन कर टूटी। सेक्टर-82 कट के पास एक स्कॉर्पियो और दो ईको कारों की भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि गाड़ियाँ बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं सूचना मिलते ही सेक्टर-39 थाने की पुलिस मौके पर पहुँची और घायल आशा देवी, राजाराम, रीना श्रीपाल, रवि को अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान 55 वर्षीय आशा देवी की मृत्यु हो गई। सभी घायल बदायूं जिले के ग्राम रिसौली के रहने वाले हैं। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो को अपने कब्जे में ले लिया है।

## सोसाइटी में पार्किंग के लिए प्रदर्शन

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट स्थित आम्रपाली रिवरव्यू सोसाइटी के लोगों ने कवर्ड पार्किंग की कमी को लेकर रविवार को प्रदर्शन किया। सोसाइटी में ग्रीन एरिया न होने, फायर सेफ्टी सिस्टम की कमी, सभी लिफ्ट में पानी जाने और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से जुड़ी समस्याओं का मुद्दा भी उठाया। सोसाइटी के लोगों का आरोप है कि कोर्ट रिसीवर ने पिछले साल एनबीसीसी को पत्र के माध्यम से लिखित निर्देश दिए थे कि मौजूदा पोडियम के ऊपर एक और पोडियम बनाया जाए, जिसमें ग्राउंड लेवल पर कवर्ड पार्किंग और प्रथम तल पर ग्रीन पार्क व अन्य सुविधाएं विकसित की जाएं। लेकिन अब तक इस योजना पर एनबीसीसी द्वारा कोई ठोस प्रगति दिखाई नहीं दे रही है ।वहीं निर्माण कार्य भी शुरू नहीं हुआ है, जिस मौजूदा पोडियम क्षेत्र को पहले पार्क और आधुनिक सुविधाओं के लिए प्रस्तावित किया गया था, उसे ओपन पार्किंग के रूप में चिह्नित किया जा रहा है। लोगों ने सुप्रीम कोर्ट से हस्तक्षेप करने, कोर्ट रिसीवर के निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने और हजारों खरीदारों के हितों की रक्षा करने की अपील की है।

## यश हत्याकांड के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**ग्रेटर नोएडा।** नामी यूनिवर्सिटी के छात्र की हत्या के मामले में अदालत ने आरोपी रचित नागर की जमानत याचिका तीसरी बार खारिज कर दी। आरोपी और उसके साथियों पर दादरी कोतवाली में मुकदमा दर्ज है। दरअसल, 27 फरवरी 2024 को गजरौला के कारोबारी प्रदीप कुमार मित्तल ने अपने पुत्र यश के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। पिता के मुताबिक यश बेनेट यूनिवर्सिटी से बीबीए की पढ़ाई कर रहा था। वह 26 फरवरी की शाम हॉस्टल से बाहर गया, लेकिन वापस नहीं लौटा। अगले दिन उसके मोबाइल से पिता के फोन पर मैसेज आया कि उनका बेटा यश उनके कब्जे में है ।यश को छोड़ने के लिए छह करोड़ रुपये की फिरौती की मांग की गई। विवेचना के दौरान पचा चला कि आरोपी रचित नागर और उसके साथियों ने आपराधिक साजिश रचकर छात्र का अपहरण कर गला घोंटकर हत्या कर दी थी। इसके बाद शव को गजरौला क्षेत्र के एक खेत में दबा दिया।

# बरखेड़ा चीनी मिल ने जारी किया मिल बंदी का नोटिस

## 41 क्रय केंद्रों पर गन्ना समाप्त, किसानों से दो दिन में आपूर्ति करने की अपील



**पीलीभीत।** बरखेड़ा चीनी मिल ने मिल बंदी का नोटिस जारी कर दिया है। मिल से जुड़े 41 गन्ना क्रय केंद्रों पर गन्ना समाप्त हो चुका है। किसानों के कैलेंडर की 12वें पक्ष तक की समस्त पर्चियां निष्कासित कर दी गई हैं।

गन्ना आयुक्त, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग उत्तर प्रदेश के निर्देश पर जिन क्रय केंद्रों पर सभी पक्ष एवं कॉलम की पर्चियां समाप्त हो चुकी हैं, वहां खड़े गन्ने का संयुक्त सर्वे कराया जा रहा है। जिन किसानों के खेतों में अब भी गन्ना खड़ा है, उन्हें प्रतिबंधित खुली खरीद के तहत पर्चियां उपलब्ध कराई जा रही हैं।

निर्देशों के क्रम में बरखेड़ा चीनी मिल से संबंधित सभी किसानों को उनके कैलेंडर की समस्त पर्चियां जारी कर दी गई थीं। इसके बावजूद कुछ किसानों के खेतों में गन्ना शेष है। ऐसे किसानों का सर्वे कराकर उन्हें पर्चियां दी जा रही हैं और प्रतिबंधित खुली खरीद का अवसर दिया जा रहा है। मिल प्रबंधन के अनुसार अब तक 20,318 किसानों से 41.81 लाख कुंतल गन्ना क्रय किया जा चुका है। जबकि विगत पेराई सत्र में 20,118 किसानों से 45.13 लाख कुंतल गन्ना खरीदा गया था। पेराई योग्य गन्ना उपलब्ध रहने तक ही चीनी मिल संचालित की जाएगी। प्रतिदिन मिल को लगभग 75 हजार कुंतल गन्ने की आवश्यकता है, लेकिन वर्तमान में 29 से 30 हजार कुंतल गन्ना ही मिल पा रहा है। इससे चीनी मिल प्रतिदिन 10 से 15 घंटे 'नो केन' की स्थिति में बंद हो रही है।

जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने बरखेड़ा चीनी मिल गेट का भ्रमण कर किसानों से वार्ता की। किसानों ने बताया कि उनकी अंतिम ट्राली है और उनका गन्ना लगभग समाप्त हो चुका है। इस अवसर पर मनोज साहू, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बरखेड़ा, जीएम केन बरखेड़ा चीनी मिल तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। मिल प्रबंधन ने सभी किसानों से अनुरोध किया है कि वे दो दिन के भीतर अपना गन्ना चीनी मिल को आपूर्ति कर दें। किसानों को बरखेड़ा मिल गेट पर ही पर्ची उपलब्ध करा दी जाएगी।

## लखनऊ में 4692.71 करोड़ से होंगे विकास कार्य

**लखनऊ।** लखनऊ नगर निगम में वित्त वर्ष 2026-27 में 4,692.71 करोड़ रुपए से विकास कार्य किए जाएंगे। 487 करोड़ रुपए से सीवर और पानी से जुड़े काम होंगे। रविवार को बजट की कार्यकारिणी बैठक में नगर निगम और जलकल विभाग की तरफ से कुल 5179.71 करोड़ रुपए का बजट पास किया गया। बजट में सबसे अधिक जोर साफ-सफाई और कूड़ा निस्तारण पर रहा। इसपर कुल 400 करोड़ रुपए खर्च होंगे। 13 मार्च को बजट का सदन होगा। पार्षद कोटे को 3 लाख रुपए तक बढ़ाने की मांग भाजपा, सपा और कांग्रेस के पार्षद कर रहे थे। इस बीच कार्यकारिणी में बैठक में भाजपा पार्षद राजेश सिंह गब्बर की तरफ से इसका मुद्दा उठाया गया। पार्षद भृगुनाथ शुक्ला ने कहा कि पुनरीक्षित बजट की कार्यकारिणी के समय में मेयर-नगर आयुक्त ने इसको बढ़ाने का आश्वासन दिया था, लेकिन यह नहीं बढ़ा। इसके समर्थन में अनुराग मिश्रा ने भी कहा कि इसके कारण काम प्रभावित होता है। जबकि इस बीच नगर आयुक्त ने कहा कि आप लोगों का काम नहीं रुकेगा। कोई काम प्रभावित नहीं होगा। भाजपा पार्षद केएन सिंह की तरफ से भी पार्षद निधि को बढ़ाने का मुद्दा उठाया गया।

# तीन माह से बंद पड़े मकान में चोरी : सोने-चांदी के जेवरात समेत कीमती सामान पार

**जहानाबाद के बकौरी गांव में वारदात, मजदूर परिवार की मेहनत की कमाई लूटी**

**पीलीभीत।** जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बकौरी में बंद पड़े एक पुश्तैनी मकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोरों ने सोने-चांदी के जेवरात और अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना का खुलासा तब हुआ जब मकान मालिक लगभग तीन माह बाद परिवार सहित गांव लौटे।

ईंट भट्ठे पर मजदूरी करने गया था परिवार ग्राम बकौरी निवासी भगवत सरन पुत्र गंगाराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने परिवार के साथ रोज़गार के सिलसिले में ईंट भट्ठे पर मजदूरी करने गए थे।

इस कारण उनका पुश्तैनी मकान पिछले कुछ महीनों से बंद पड़ा था। 21 फरवरी 2026 को जब वे गांव लौटे तो बाहर से मकान सामान्य दिखा। मुख्य द्वार और कमरे का ताला खोलकर अंदर प्रवेश किया तो सामान बिखरा मिला और अलमारी का ताला टूटा हुआ था।

परिवार की महिलाओं के साथ मिलान करने पर पता चला कि अलमारी में रखे जेवरात चोरी हो चुके हैं। चोरी हुए आभूषणों में— सोने के दो टीके, एक जोड़ी सोने की झुमकी, तीन पेंडल वाला सोने का मंगलसूत्र, एक अन्य जोड़ी सोने की झुमकी, एक चांदी का बिछुआ, दो जोड़ी चांदी की पायल के अलावा कमरे से कुछ अन्य सामान भी गायब मिला। मजदूर परिवार की मेहनत की कमाई यूं लुट जाने से घर में गहरी निराशा और चिंता का माहौल है।

पीड़ित भगवत सरन ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत दी है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष प्रदीप विश्नोई ने बताया कि शिकायत प्राप्त हो चुकी है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं तथा आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस का कहना है कि जल्द ही सुराग लगाकर घटना का खुलासा किया जाएगा। ? लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में असुरक्षा की भावना बढ़ी है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने और बंद पड़े मकानों पर विशेष निगरानी रखने की मांग की है।

फिलहाल पुलिस मामले की तह तक पहुंचने के प्रयास में जुटी है और पीड़ित परिवार को जल्द न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया है।

## मोहम्मदी में बाइक टक्कर, एक युवक की मौत

लखीमपुर-खीरी। लखीमपुर खीरी के मोहम्मदी-पुणे रोड पर बिचपुरी गांव के पास वन विभाग की पाठशाला के निकट दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया। ग्राम जवा, थाना जिला शाहजहांपुर निवासी अवनीश पांडे और रजनीश पांडे दवा लेने मोहम्मदी आ रहे थे। इसी दौरान बिचपुरी गांव के पास उनकी बाइक की टक्कर ग्राम शाहपुर निवासी राजवीर और नीरज से हो गई। राजवीर और नीरज (थाना शाहजहांपुर) अपने बहनोई के घर से वापस लौट रहे थे। इस भीषण टक्कर में नीरज की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। अवनीश पांडे, रजनीश पांडे और राजवीर गंभीर रूप से घायल हो गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद, उनकी नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## एटा में ट्रैक्टर ने 9 साल के बच्चे को कुचला

**एटा।** एटा के थाना जैथरा क्षेत्र के ग्राम पुरसारी में रविवार शाम करीब 6 बजे दर्दनाक हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से 9 वर्षीय बालक की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम पुरसारी निवासी कृष्णा चौहान (9) पुत्र प्रदीप चौहान रविवार शाम सड़क किनारे खेल रहा था।

# गोबर के कंडे थोप रही महिला से सोने के कुंडल लूटे

## बाइक सवार बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम, क्षेत्र में बढ़ती घटनाओं से दहशत

**पीलीभीत।** बरखेड़ा थाना क्षेत्र में लुटेरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार शाम बाइक सवार दो बदमाशों ने घर के बाहर गोबर के कंडे (उपले) थोप रही महिला से सोने के कुंडल लूट लिए। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया।

थाना क्षेत्र के गांव अधकटा निवासी गंगादेई ने बताया कि वह शनिवार शाम अपने घर के बाहर गोबर के कंडे थोप रही थीं। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक वहां पहुंचे और अचानक उनकी गर्दन पकड़ ली। जब तक वह कुछ समझ पातीं, बदमाश उनके कानों से सोने के कुंडल नोचकर फरार हो गए।

घटना से घबराई महिला ने अगले दिन सुबह थाना पुलिस को तहरीर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि बदमाशों की पहचान की जा सके।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे पहले भी थाना क्षेत्र में कई स्थानों पर चोरी और लूट की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस ठोस कार्रवाई नहीं कर सकी। लगातार हो रही वारदातों से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

# 30 वर्ष पुरानी दुकान का जीना व दीवार तोड़ने का आरोप

- डीएम से की निष्पक्ष जांच की मांग
- राजनीतिक रंजिश में कार्रवाई कराने का आरोप, बिना नाप-जोख तोड़फोड़ का दावा

पीलीभीत। पीडब्ल्यूडी रोड से 60 फीट पीछे बनी 30 वर्ष पुरानी दुकान के जीने और दीवार को बिना नाप-जोख तोड़े जाने का मामला सामने आया है।

ग्राम पकड़िया नौगवां निवासी एक व्यक्ति ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्राम पकड़िया नौगवां, तहसील व जिला पीलीभीत निवासी अशरफ अली पुत्र स्व. शुरीफुद्दीन अहमद ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह गांव के प्रधान रह चुके हैं। वर्ष 2023 में उनकी पत्नी ने नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव निर्दलीय लड़ा था, जिसमें वह कुछ वोटों से हार गई थीं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि चुनावी रंजिश के चलते उनके साथ अन्यायपूर्ण कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि उन्होंने करीब 30 वर्ष पूर्व एक दुकान खरीदी थी और उसी पर बैठकर अपना रोजगार चला रहे थे। उक्त दुकान पीडब्ल्यूडी रोड से करीब 60 फीट पीछे स्थित है और सड़क से उसका कोई लेना-देना नहीं है। इसके बावजूद नगर पंचायत



अध्यक्ष द्वारा पूर्व में भी दुकान तोड़ने का प्रयास किया गया था। शिकायत करता ने आरोप लगाया है कि नगर पंचायत अध्यक्ष व पति प्रार्थी से चुनावी रंजिश मानता हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि 19 फरवरी 2026 को नगर पंचायत अध्यक्ष, ईओ, नगर पालिका कर्मचारियों व नायब तहसीलदार की उपस्थिति में बिना किसी प्रकार की विधिवत नाप-जोख कराए और बिना पूर्व सूचना दिए मनमाने ढंग से उनकी दुकान का जीना और दीवार गिरा दी गई। उन्होंने इसे दबंगईपूर्ण कार्रवाई बताते हुए कहा कि उनके साथ राजनीतिक कारणों से उत्पीड़न किया जा रहा है। अशरफ अली ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि उनके प्रार्थना पत्र की जांच किसी निष्पक्ष अधिकारी से कराई जाए तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

खबर लिखे जाने तक फिलहाल प्रशासन की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया।

## मिशन शक्ति के तहत पुलिस ने किया जागरूक



**ललितपुर।** माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अन्तर्गत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद ललितपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज- 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की।

# महाकाल के दर्शन कर लौट रहे 4 दोस्तों की मौत

## कोटा में कार ट्रक में घुसी, शव बुरी तरह फंसे; सभी यूपी के

**कानपुर।** कोटा में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में उत्तर प्रदेश के 4 लड़कों की मौत हो गई। तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रक में घुस गई। हादसा इतना भीषण था कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। कार में सवार चारों युवक बुरी तरह से फंस गए थे।

पुलिस ने कड़ी मशक्कत के युवकों को गाड़ी से बाहर निकालकर हॉस्पिटल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने चारों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि ड्राइवर को झपकी आने से ब्रेजा कार ट्रक में घुस गई।

हादसा रविवार दोपहर करीब 3:45 बजे चेचट थाना क्षेत्र में चेचट कस्बे में हुआ। मृतकों की पहचान श्रेष्ठ बाजपेई (21), प्रांजुल चतुर्वेदी (26), अंकुश दुबे (25) तीनों गांव रूरा जिला कानपुर देहात के रहने वाले थे, वहीं चौथा मृतक अंश प्रताप सिंह (20) गोंडा जिले के धौलपुरवा गांव का रहने वाला था। सभी युवक उज्जैन में महाकाल के दर्शन कर यूपी लौट रहे थे।

### ड्राइवर को झपकी आने से हुआ हादसा

कोटा ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर ने बताया- चारों युवक शनिवार को



उज्जैन पहुंचे थे। दर्शन करने के बाद रविवार सुबह वहां से कानपुर के लिए रवाना हुए। एक्सप्रेस-वे पर लगे सीसीटीवी देखने पर पता चल रहा है कि गाड़ी स्पीड में थी और लहरा रही थी।

ड्राइवर को झपकी आने के चलते कार आगे चल रहे ट्रक में घुस गई होगी। पुलिस ने हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। मृतक युवकों के परिजनों को सूचित कर दिया है। कानपुर से उनके परिजन रवाना हो गए हैं। चारों के शव को रामगंजमंडी हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी में शिफ्ट करवाया गया है।

प्रांजुल चतुर्वेदी लखनऊ में बिजली विभाग में संविदा के रूप पर काम करते थे। वे शादीशुदा थे और उनके एक बेटा है। वहीं घटना के बारे में सुनते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# स्वास्थ्य विभाग के सारे अमले को बुलाकर की गई स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा

## लापरवाह एमओआईसी व चिकित्सकों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सुधार के दिये निर्देश

ललितपुर। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान ने रविवार को कलैक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की शासी निकाय की बैठक कर जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की एक-एक कर गहन समीक्षा की और लापरवाह अधिकारियों व चिकित्सकों को फटकार लगाते हुए कार्य में सुधार के निर्देश भी दिये।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने संस्थागत प्रसव व एनआरसी में बच्चों के उपचार पर जोर देते हुए अपेक्षाकृत गंभीर कुपोषित बच्चों को रेफर न कराए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए एनआरसी में




रेफर कराया जाने और उनको 15 दिन एनआरसी रोकर इलाज के साथ अच्छा पोषित भोजन की उपलब्धता एवं उनके परिवारीजनों को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बार-बार चेतावनी देने के बाद भी कार्य में शिथिलता बरतने पर बार, बिरधा और जखौरा के आरसीएच ऑपरेटरों की सुधार न होने पर सेवा समाप्त करने के निर्देश दिए। मातृ मृत्यु की समीक्षा के दौरान उपलब्ध करायी गई रिपोर्ट भ्रामक प्रतीत होने पर जब सम्बंधित ऑनलाइन पोर्टल पर दिखवाया गया तो डाटा नहीं दिखा पाए, इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने कड़ी नाराजकी व्यक्त करते हुए सम्बंधितों के मुख्य चिकित्सा अधिकारी को स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि विकासखण्ड बार, बिरधा एवं जखौरा में संस्थागत प्रसव कराने हेतुएएनएम को प्रशिक्षित कराया जाए और वहां पर उपकेन्द्रों को प्रसव हेतु क्रियाशील किया जाए।

नियमित टीकाकरण के सम्बंध में निर्देश दिये गए कि सभी केन्द्रों पर शत-प्रतिशत टीकाकरण किया जाए। सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी अपने-अपने क्षेत्र की आंगनबाड़ी केन्द्रों पर वजन मशीनें उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## झांसी में घर से 1.78 लाख कैश और गहने चोरी

**झांसी।** झांसी में सूने घर के ताले तोड़कर चोर 1.78 लाख रुपए कैश और सोने-चांदी के गहने चोरी करके ले गए। पोती होने पर दादा-दादी अपने बेटा-बहू के पास गुरुग्राम गए थे। रविवार सुबह लगभग 4 बजे दादाम घर पर सोने गया तो ताले टूटे हुए थे। घर के अंदर का सामान बिखरा हुआ था। तब पुलिस को सूचना दी। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। इसमें दो संदिग्ध युवक रात 2 बजे गली में जाते हुए नजर आ रहे हैं। पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के बड़ागांव गेट बाहर स्थित देव विहार कॉलोनी का है।

# बरेली में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

## शादी से लौट रहे थे, तेज रफ्तार कार के पेड़ से टकराने पर हुआ हादसा

बरेली। बरेली में तेज रफ्तार कार दूसरी गाड़ी को बचाने में बेकाबू होकर बीच सड़क पर खड़े पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी ज्यादा भयानक थी, कि कार के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में कार में बैठी एक प्रेग्नेंट महिला समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक बच्चे सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

फिलहाल सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तुरंत घायलों को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज जारी है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। मामला किला थाना क्षेत्र के स्वाले नगर रामपुर रोड का है।

शहजादनगर के गांव कल्याणपुर में रहने वाले गोविंद अपनी प्रेग्नेंट पत्नी मोनी(30), बेटा पीयूष(2), पिता खेमकरन(60), चाचा राम बहादुर(58) और फूफा रामगुलाम(75) के साथ शनिवार रात बुआ के बेटे की शादी में गए थे। थाना शाही क्षेत्र के गांव मंसूरगंज से शादी में शामिल होकर घर लौट रहे थे। गोविंद कार चला रहा था।

रात करीब एक बजे दिल्ली हाईवे पर स्वाले नगर में इनकी कार सड़क के बीच में खड़े सेमल के पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखचे उड़ गए। अंदर बैठे लोग बुरी तरह फंस गए। जोरदार आवाज सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे।

# शार्ट न्यूज

## वारंटी अभियुक्त किशन गिरफ्तार, लंबे समय से न्यायालय में नहीं हो रहा था उपस्थित

**पीलीभीत।** थाना जीआरपी पीलीभीत टीम ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने किशन पुत्र दामोदर निवासी ग्राम नरियावल थाना बिथरी चैनपुर जनपद बरेली, उम्र करीब 40 वर्ष को दबोच लिया। वह काफी समय से न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था। रेलवे उत्तर प्रदेश लखनऊ के अपर पुलिस महानिदेशक के आदेश के अनुपालन में उपमहानिरीक्षक रेलवे उ0प्र0 लखनऊ व पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ रोहित मिश्रा के निर्देशन में ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर चोरी व लूट की घटनाओं की रोकथाम तथा वांछित अभियुक्तों और वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस उपाधीक्षक रेलवे द्वितीय हरीकेश यादव के पर्यवेक्षण और थानाध्यक्ष जीआरपी पीलीभीत के नेतृत्व में सर्विलांस सेल जीआरपी लखनऊ के सहयोग से कार्रवाई की गई।

## सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपीयों को जेल भेजे

**ललितपुर।** जाखौरा सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार भारद्वाज के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना जखौरा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 44/2026 धारा 333/70(1)/351(3) बी.एन.एस. में वांछित अभियुक्तगण रघुवीर पाल पुत्र स्व0 सुल्तान पाल उम्र करीब 31 वर्ष नि0 ग्राम थनवारा थाना जखौरा अरुन पाल उर्फ अरुण पुत्र आशाराम पाल उम्र करीब 32 वर्ष नि0 ग्राम अमझरा थाना चन्देरी जिला अशोकनगर म0प्र0 को नियमानुसार गिरफ्तार कर, न्यायिक अभिरक्षा हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है । गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक राजीव बैस मय टीम आदि शामिल रहे।

## नाबालिग के आपत्तिजनक फोटो-वीडियो वायरल करने वाला गिरफ्तार

ललितपुर । कोतवाली पुलिस ने सोशल मीडिया पर एक नाबालिग के आपत्तिजनक फोटो और वीडियो वायरल करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक, कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर, सुनील कुमार भारद्वाज के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली ललितपुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत 1492/2025 धारा 352/351(3) बीएनएस, 11/12 पाक्सो एक्ट व 67बी आईटी एक्ट में वांछित अभियुक्त सजल कुशवाहा पुत्र स्व0 दयाराम कुशवाहा उम्र करीव 20 वर्ष निवासी मुहल्ला खिरकापुरा कोतवाली को नियमानुसार गिरफ्तार कर, न्यायिक अभिरक्षा हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है । गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी मय टीम प्रभारी मिशन शक्ति केन्द्र निरीक्षक हरीनाथ सिंह आदि शामिल रहे।

## हापुड़ में फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार

**हापुड़।** हापुड़ में दिल्ली रोड पर दो दिन पहले हुई फायरिंग के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से एक अवैध पिस्टल भी बरामद की गई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। दरअसल, यह घटना दो दिन पूर्व सिटी कोतवाली क्षेत्र के दिल्ली रोड पर हुई थी। जानकारी के अनुसार, दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जो मारपीट में बदल गया। इसी दौरान एक युवक ने तमंचे से फायरिंग कर दी, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी जतिन त्यागी को तगा सराय से गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से अवैध पिस्टल बरामद हुई। पूछताछ में जतिन त्यागी ने विवाद के दौरान फायरिंग करने की बात स्वीकार की है। कोतवाली प्रभारी विनोद पांडे ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। किसी भी सूरत में आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## लखनऊ में डायग्नोस्टिक सेंटर की जगह बदली

**लखनऊ।** लखनऊ में प्रस्तावित हाईटेक डायग्नोस्टिक सेंटर की लोकेशन बदल दी गई है। पहले यह सेंटर फैजाबाद रोड स्थित हाईकोर्ट के सामने एलडीए की खाली जमीन पर बनाया जाना था, लेकिन अब यहां 'संविधान पार्क' विकसित किया जाएगा। डायग्नोस्टिक सेंटर को गोमती नगर के विराज खंड में वरिष्ठ नागरिकों के लिए चिह्नित जमीन पर शिफ्ट करने की योजना तैयार की गई है। करीब 100 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस सेंटर का निर्माण सीएसआर फंड से होगा। इसके लिए एलडीए से जमीन मांगी गई है और प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है। अधिकारियों को जल्द मंजूरी मिलने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत तैयार इस परियोजना का उद्देश्य राजधानी में बढ़ते मरीजों के दबाव को कम करना है। खासकर कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को समय पर जांच सुविधा उपलब्ध कराना इसका लक्ष्य है। सेंटर में इमेजिंग, रेडियो डायग्नोस्टिक, रेडियोथेरेपी और पैथोलॉजी की अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी।

## डीएम ने महुली थाने का किया औचक निरीक्षण

**संतकबीर नगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार ने थाना महुली का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर, कार्यालय, हवालात, मिशन शक्ति केंद्र, महिला हेल्प डेस्क और साइबर हेल्प डेस्क के अभिलेखों व अभिलेखागार का गहनता से जायजा लिया। जिलाधिकारी ने मिशन शक्ति केंद्र और महिला हेल्प डेस्क पर महिला संबंधी विवादों की स्थिति का आकलन किया। उन्होंने महिला हेल्प डेस्क/पिंक बूथ पर तैनात महिला पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि वे महिला फरियादियों की समस्याओं को संवेदनशीलता से सुनें और उनका तत्काल निस्तारण सुनिश्चित करें। साइबर सेल के निरीक्षण के दौरान, जिलाधिकारी ने साइबर अपराधों की रोकथाम और जागरूकता अभियानों को अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। सीसीटीएनएस कार्यालय में ऑनलाइन अभिलेखों की प्रविष्टियों और कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई, जिसमें समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। आलोक कुमार ने एफआईआर रजिस्टर, विवेचना से संबंधित अभिलेखों और मालखाना रजिस्टर का भी अवलोकन किया। उन्होंने थाने में रखे शस्त्रों के रखरखाव का भी निरीक्षण किया।

## फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र गिरोह का भंडाफोड़

बस्ती। बस्ती पुलिस ने फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाकर जनता से ठगी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। थाना परसरामपुर पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दो बाल अपचारियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह के निर्देश और क्षेत्राधिकारी हरैया स्वर्णिमा सिंह के पर्यवेक्षण में की गई। थानाध्यक्ष विश्वमोहन राय और प्रभारी एसओजी निरीक्षक विकास यादव की टीम ने कोहरायें स्थित %शनि सहज जन सेवा केंद्र% पर छापा मारकर आरोपियों को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रज्जन (22), निवासी चौबेपुर, थाना नवाबगंज, जनपद गोंडा और शनि कुमार (26), निवासी रतनपुर, थाना परसरामपुर के रूप में हुई है। मौके से एक लैपटॉप, दो प्रिंटर, एक लेमिनेशन मशीन, आठ आधार कार्ड, चार फर्जी मोहरें, इंक पैड, आठ संदिग्ध प्रमाण पत्र और 960 रुपये नकद बरामद किए गए। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे फर्जी विकलांगता और आर्थिक तंगी के प्रमाण पत्र तैयार करते थे। इन प्रमाण पत्रों पर वे पुलिस इंस्पेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट सिवान (बिहार) के नाम की फर्जी मोहरें और हस्ताक्षर लगाकर लोगों से पैसे वसूलते थे।

## संक्षिप्त समाचार

### क्या पूर्व प्रिंस एंड्रयू की गिरफ्तारी से डगमगाएगी राजशाही? 350 साल पहले हुई थी कुछ ऐसी घटना

**न्यू साउथ वेल्स, एजेंसी।** ब्रिटेन के शाही परिवार के सदस्य एंड्रयू माउंटबैटन-विंडसर (प्रिंस एंड्रयू) की गिरफ्तारी की खबर ने दुनिया भर में हलचल मचा दी है। यह मामला इसलिए बड़ा माना जा रहा है क्योंकि ब्रिटिश इतिहास में बहुत कम बार ऐसा हुआ है कि किसी शाही सदस्य पर सीधे कानून का शिकंजा कसता दिखा हो। इतिहासकार बताते हैं कि लगभग 350 साल पहले, 1649 में राजा चार्ल्स-आइ को गिरफ्तार कर मुकदमा चलाया गया था और बाद में उन्हें फांसी दी गई थी। उस घटना के बाद कुछ समय के लिए ब्रिटेन में राजशाही ही खत्म हो गई थी। इस वजह से अब एंड्रयू की गिरफ्तारी की तुलना उसी ऐतिहासिक घटना से की जा रही है-हालांकि इस बार स्थिति उतनी गंभीर नहीं है। आज का दौर अलग है, पहले मीडिया शाही परिवार के निजी मामलों को छिपाता था। अब सोशल मीडिया और डिजिटल पत्रकारिता के कारण हर बात तुरंत सार्वजनिक हो जाती है। जनता का भरोसा अब छवि और पारदर्शिता पर टिका है। एंड्रयू पहले से ही कई विवादों में रहे थे- जैसे अमीर लोगों से नजदीकी, कैश-फॉर-एक्सेस विवाद और निजी नेटवर्किंग के आरोप शामिल हैं। इसलिए उनकी गिरफ्तारी ने शाही परिवार की छवि को और झटका दिया है।

### पूर्वी प्रशांत महासागर में अमेरिकी सेना की कार्रवाई, ड्रग तस्करी में शामिल एक और नाव ध्वस्त; तीन की मौत

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सेना ने पूर्वी प्रशांत महासागर में एक और नाव पर हमला किया है, जिस पर ड्रग्स की तस्करी करने का आरोप था। इस हमले में तीन लोगों की मौत हो गई। अमेरिकी सेना के साउदर्न कमांड के मुताबिक, यह नाव उन रास्तों से गुजर रही थी जिन्हें ड्रग तस्करी के लिए जाना जाता है। सेना का दावा है कि नाव नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल थी। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में नाव पहले समुद्र में तैरती दिखती है और फिर अचानक विस्फोट के साथ आग लग जाती है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका लैटिन अमेरिका के ड्रग कार्टेल के साथ सशस्त्र संघर्ष में है। इन हमलों को उन्होंने ड्रग्स की तस्करी रोकने के लिए जरूरी कदम बताया है। वहीं, आलोचकों और विशेषज्ञों ने कई सवाल उठाए हैं और कहा कि ट्रंप सरकार ने यह साबित करने के लिए कम सबूत दिए हैं कि मारे गए लोग नार्को-टेररिस्ट थे। कई विशेषज्ञ कहते हैं कि अमेरिका में फैलने वाला खतरनाक ड्रग फेंटेनाइल ज्यादातर जमीन के रास्ते मेक्सिको से आता है, समुद्र से नहीं। पहले हमले में घायल बचे लोगों पर दोबारा हमला करने की घटना के बाद इसे कानूनी और नैतिक रूप से गलत बताया गया। एक तरफ जहां रिपब्लिकन नेताओं ने इसे कानूनी और जरूरी कार्रवाई बताया। वहीं डेमोक्रेटिक नेताओं और कानून विशेषज्ञों ने इसे हत्या या युद्ध अपराध तक कहा।

### बांग्लादेश में नई संसद पर सवाल, 43 नव-निर्वाचित सांसदों पर हत्या के मुकदमे

**ढाका , एजेंसी।** बांग्लादेश में हाल में संपन्न 13वें राष्ट्रीय संसदीय चुनाव के बाद नई सरकार के गठन से पहले ही उसकी साख पर सवाल उठने लगे हैं। एक प्रमुख नागरिक संगठन की रिपोर्ट के अनुसार, नव-निर्वाचित 43 सांसदों पर हत्या (धारा 302) के मामले दर्ज हैं, जिससे राजनीतिक शुचिता और जवाबदेही को लेकर बहस तेज हो गई है। सुशासनर जनो नागरिक (शुजान) द्वारा जारी आंकड़ों का हवाला देते हुए स्थानीय मीडिया डेली स्टार ने शुक्रवार को बताया कि 42 सांसद पहले से ऐसे मामलों का सामना कर रहे थे, जबकि 12 के खिलाफ पुराने और मौजूदा दोनों तरह के आपराधिक मामले दर्ज हैं। कुल मिलाकर 142 सांसद वर्तमान में विभिन्न कानूनी मामलों में घिरे हैं और 185 सांसदों का अतीत में मुकदमों से संबंध रहा है। करीब 95 सांसद ऐसे हैं जिन पर पहले भी और अब भी मामले चल रहे हैं। सबसे ज्यादा मौजूदा मामलों का प्रतिशत बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के सांसदों में पाया गया है। हालिया चुनाव में भारी जीत दर्ज करने वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के सांसदों में 50 प्रतिशत से अधिक पर वर्तमान में मामले लंबित हैं। दूसरे स्थान पर जमात-ए-इस्लामी है, जिसके लगभग 47 प्रतिशत सांसद कानूनी मामलों का सामना कर रहे हैं। शुजान के मुख्य समन्वयक दिलीप कुमार सरकार ने एक कार्यक्रम में नव-निर्वाचित सांसदों के शपथपत्रों के विश्लेषण का ब्योरा पेश किया। रिपोर्ट के अनुसार, 12वें चुनाव की तुलना में इस बार विजेताओं में कानूनी मामलों में संलिप्तता बढ़ी है। साथ ही उच्च शिक्षित सांसदों का अनुपात भी कम हुआ है। 297 निर्वाचित सांसदों में केवल आठ के पास पीएचडी डिग्री है, 138 स्नातकोत्तर, 93 स्नातक, 20 उच्च माध्यमिक और 17 माध्यमिक स्तर तक शिक्षित हैं। हालांकि चुनाव और जनमत-संग्रह को अधिकांशत: शांतिपूर्ण बताया गया है, लेकिन प्रतिनिधित्व के आंकड़े भी चर्चा में हैं।

# भारतवंशी नील कात्याल कौन?: जिन्होंने पलट दिया ट्रंप टैरिफ का पूरा खेल, बने ऐतिहासिक फैसले का चेहरा

**वॉशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए व्यापक वैश्विक टैरिफ को असंवैधानिक करार देकर बड़ा फैसला सुनाया। इस ऐतिहासिक फैसले के केंद्र में एक भारतीय मूल का नाम उभरा, नील कात्याल। नील ने ही अदालत में ट्रंप के उस कदम को चुनौती दी, जिसमें 1977 के इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट यानी आइइपीए का इस्तेमाल कर लगभग सभी व्यापारिक साझेदार देशों पर टैरिफ लगाए गए थे। नील कात्याल ने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी कि राष्ट्रपति ने आपात आर्थिक शक्तियों का गलत इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि टैरिफ दरअसल टैक्स होते हैं और टैक्स लगाने का अधिकार केवल अमेरिकी कांग्रेस को है, न कि राष्ट्रपति को। कात्याल ने इन टैरिफ को अन्यायपूर्ण और असंवैधानिक टैक्स बताया। सुप्रीम कोर्ट ने छह-तीन के बहुमत से कहा कि संविधान के तहत टैक्स लगाने की शक्ति कांग्रेस के पास है।

**ये कानून के शासन की जीत-कात्याल :** फैसले के बाद कात्याल ने कहा कि यह कानून के शासन की




जीत है। उनके अनुसार, यह मामला किसी एक राष्ट्रपति के खिलाफ नहीं, बल्कि शक्तियों के संतुलन का है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की व्यवस्था यह सुनिश्चित करती है कि कोई भी व्यक्ति, चाहे वह कितना ही शक्तिशाली क्यों न हो, संविधान से ऊपर नहीं हो सकता।

**किसने दायर किया था मामला :** यह मामला छोटे अमेरिकी कारोबारियों द्वारा दायर किया गया था, जिन्हें लगा कि टैरिफ से उनका व्यापार प्रभावित हो रहा है। ट्रंप प्रशासन ने टैरिफ को राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक दबाव का जरूरी कदम बताया था। लेकिन अदालत ने साफ कहा कि आपात शक्तियों के नाम पर राष्ट्रपति व्यापक टैक्स नहीं लगा सकते।

**नील कात्याल के माता-पिता के बारे में जानें :** नील कात्याल का जन्म शिकागो में भारतीय प्रवासी माता-पिता के घर हुआ। उनके पिता इंजीनियर और माता डॉक्टर थीं। उन्होंने डार्टमाउथ कॉलेज और येल लॉ स्कूल से पढ़ाई की। वह अमेरिका के कार्यवाहक सॉलिसिटर जनरल रह चुके हैं और सुप्रीम कोर्ट में 50 से अधिक मामलों में पैरवी कर चुके हैं। वह कई बड़े संवैधानिक मामलों में अहम भूमिका निभा चुके हैं।

**पहले भी दे चुके ट्रंप को चुनौती :** कात्याल वर्तमान में मिलबैंक एलएलपी में साझेदार हैं और जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी लॉ सेंटर में प्रोफेसर हैं। उन्होंने 1965 के वोटिंग राइट्स एक्ट की संवैधानिकता का बचाव किया, ट्रंप के 2017 ट्रैवल बैन को चुनौती दी और कई राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों में सरकार का प्रतिनिधित्व किया। वह जॉर्ज फ्लॉयड हत्या मामले में मिनेसोटा राज्य के विशेष अभियोजक भी रह चुके हैं।

कात्याल ने बताई लोकतंत्र की ताकत सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला भविष्य में किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति की आपात आर्थिक शक्तियों के इस्तेमाल पर सीमा तय करता है। कात्याल ने कहा कि एक प्रवासी परिवार का बेटा अदालत में खड़ा होकर कह सकता है कि राष्ट्रपति कानून तोड़ रहे हैं, और अदालत उसे सुनती है, यही लोकतंत्र की ताकत है। यह फैसला अमेरिकी संविधान और शक्तियों के संतुलन के लिए एक मील का पत्थर माना जा रहा है।

## टैरिफ ले नहीं सकता, लेकिन देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर सकता हूं, कोर्ट के फैसले पर बोले ट्रंप

**वॉशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ को लेकर आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को शर्मनाक बताया। नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि वह किसी से टैरिफ नहीं ले सकते, लेकिन वह किसी भी देश के साथ व्यापार पूरी तरह बंद कर सकते हैं और उस देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर सकते हैं। गौरतलब है कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ को अवैध करार देते हुए उसे रद्द करने का आदेश दिया है।

**ट्रंप बोले- दूसरे विकल्पों का इस्तेमाल करेंगे :** सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने जिन चीजों को गलत तरीके से खारिज किया है, उनकी जगह लेने के लिए दूसरे विकल्पों का इस्तेमाल किया जाएगा। हमारे पास विकल्प हैं, बहुत अच्छे विकल्प हैं। इसका मतलब यह हो सकता है कि हमें ज्यादा पैसा मिलेगा। हम ज्यादा पैसा हासिल करेंगे और इससे हम और ज्यादा मजबूत बनेंगे। सुप्रीम कोर्ट द्वारा टैरिफ रद्द करने के फैसले के कुछ घंटे बाद ही ट्रंप ने दुनियाभर के देशों पर 10 प्रतिशत वैश्विक टैरिफ लगाने का एलान कर दिया।

ट्रंप ने धारा 122 के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए वैश्विक 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। अमेरिकी कानून के मुताबिक अमेरिकी राष्ट्रपति 150 दिनों तक 15 प्रतिशत तक टैरिफ लगा सकते



हैं। इसका इस्तेमाल करते हुए ट्रंप ने 150 दिनों के लिए 10 प्रतिशत वैश्विक टैरिफ लगाया है। 150 दिनों के बाद अमेरिकी संसद में प्रस्ताव लाकर इसे आगे जारी रखने या न रखने पर फैसला किया जाएगा।

**देशों पर टैरिफ नहीं लगा सकते, लेकिन व्यापार बंद कर सकते हैं :** मीडिया से बात करते हुए ट्रंप ने कहा, आपको यह दिखाने के लिए कि यह फैसला कितना बेकार है, कोर्ट ने कहा कि मुझे एक डॉलर भी शुल्क लगाने की अनुमति नहीं है। मैं एक डॉलर भी नहीं ले सकता। यह फैसला जरूर उन दूसरे देशों की सुरक्षा के लिए लिया गया होगा, न कि संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए, जिसकी रक्षा उन्हें करनी चाहिए। यही उनका काम है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके पास उन देशों के साथ किसी भी तरह का व्यापार या कारोबार पूरी तरह बंद करने का अधिकार है। दूसरे शब्दों में, वह व्यापार को खत्म कर सकते हैं। वह उस देश की अर्थव्यवस्था को खत्म कर सकते हैं। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा कि कौन-सा लाइसेंस कभी बिना शुल्क लिए जारी किया गया है।

## मार्च की शुरुआत में चांद की ओर उड़ान भरेगा नासा का मानव मिशन, फ्यूल लीकेज की समस्या दूर

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका एक बार फिर चांद की ओर बड़ा कदम बढ़ाने जा रहा है। नासाने पुष्टि की है कि वह 6 मार्च 2026 को अपने अगले मानवयुक्त (क्रूड) चंद्र मिशन को लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है। यह फैसला एक महत्वपूर्ण वेट ड्रेस रिहर्सल के सफल होने और पहले सामने आई ईंधन रिसाव (फ्यूल लीकेज) की समस्या को ठीक करने के बाद लिया गया है। क्या होती है वेट ड्रेस रिहर्सल? वेट ड्रेस रिहर्सल असल लॉन्च से पहले की पूरी रिहर्सल होती है। इसमें रॉकेट को लॉन्च पैड पर पूरी तरह तैयार किया जाता है। काउंटडाउन की पूरी प्रक्रिया दोहराई जाती है और रॉकेट में अत्यंत ठंडा ईंधन (सुपर-कोल्ड प्रोपेलेंट) भरा जाता है। पहली रिहर्सल के दौरान इंजीनियरों ने हाइड्रोजन गैस का रिसाव (लीकेज) पाया था। सुरक्षा कारणों से लॉन्च की तैयारी रोक दी गई और विस्तृत तकनीकी जांच शुरू की गई। अब नासाके अधिकारियों के मुताबिक लीकेज की समस्या पूरी तरह ठीक कर दी गई है। हाल ही में हुए नए परीक्षण में ऐसी कोई समस्या दोबारा नहीं मिली। नासा ने अपने बयान में कहा कि



वेट टेस्ट सफल रहा और पहले देखी गई तकनीकी खामियों को दूर कर लिया गया है। अब सभी सिस्टम की गहन समीक्षा की जाएगी। इस मिशन में एसएलएस रॉकेट का इस्तेमाल किया जाएगा। एसएलएस अब तक का नासा का सबसे शक्तिशाली रॉकेट है। यह अंतरिक्ष यात्रियों को स्पेसक्राफ्ट में बैठाकर चांद की कक्षा तक ले जाएगा। यह मिशन भविष्य में चांद पर स्थायी मानव मौजूदगी की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। लॉन्च से पहले एक अहम बैठक होगी जिसे फ्लाइट रेडीनेस रिव्यू कहा जाता है। यह समीक्षा अगले सप्ताह के अंत तक होने की संभावना है। इसमें मिशन मैनेजर, इंजीनियर और सुरक्षा अधिकारी शामिल होंगे। वेट ड्रेस रिहर्सल और अन्य तकनीकी परीक्षणों के डेटा का विस्तार से विश्लेषण किया जाएगा।

## पीएम मोदी महान व्यक्ति, लेकिन भारत को टैरिफ देना ही होगा; कोर्ट के फैसले के बाद ट्रेड डील पर बोले ट्रंप

**वाशिंगटन एजेंसी।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा लगाए गए व्यापक आपातकालीन टैरिफ को अवैध घोषित कर दिया है। टैरिफ के झटके के बाद ट्रंप का का साफ-साफ कहना है कि कोर्ट के हालिया फैसले के बावजूद भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में कोई बदलाव नहीं होगा। यानी ट्रंप के अनुसार भारत पहले की तरह की टैरिफ देता रहेगा। दरअसल, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा टैरिफ रद करने के बाद ट्रंप ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान भारत-अमेरिकी ट्रेड डील को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए ट्रंप ने कहा, भारत के साथ डील यह है कि वे टैरिफ देंगे। पहले जो स्थिति थी, उससे यह उलट है। प्रधानमंत्री मोदी एक महान व्यक्ति हैं, लेकिन वे अमेरिका के खिलाफ काफी चतुर थे। भारत हमें लूट रहा था। अब हमने एक निष्पक्ष




समझौता किया है। भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर कुछ नहीं बदलेगा भारत को टैरिफ देना ही होगा, और हमें नहीं देना होगा। ट्रेड डील में कोई बदलाव नहीं होगा।

**भारत के साथ मेरे अच्छे संबंध :** ट्रंप ने आगे कहा, मुझे लगता है कि भारत के साथ मेरे संबंध अच्छे हैं और हम भारत के साथ व्यापार कर रहे हैं। भारत रूस से तेल प्राप्त कर रहा था और उन्होंने मेरे अनुरोध पर काफी हद तक अपने संबंध तोड़ लिए, क्योंकि हम उस भयानक युद्ध को समाप्त करना चाहते हैं जिसमें हर महीने 25,000 लोग मर रहे हैं।

**फिर दोहराया भारत-पाकिस्तान सीजफायर का दावा :** पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रंप ने फिर इस दावे को दोहराया कि उन्होंने पिछले साल गर्मियों में टैरिफ का उपयोग करके भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध को रोका था। ट्रंप ने कहा, मैंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध भी रोका। जैसा कि आप जानते हैं, 10 विमानों को मार गिराया गया था। वह युद्ध चल रहा था और शायद परमाणु युद्ध में तब्दील हो जाता। कल ही, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने युद्ध रोककर 3 करोड़ लोगों की जान बचाई।

**टैरिफ की धमकी से रुका युद्ध :** ट्रंप ने कहा कि मैंने इसे टैरिफ धमकी के जरिए ही रोका। ट्रंप ने कहा कि मैंनें चेतावनी दी, देखो, तुम लड़ना चाहते हो, ठीक है, लेकिन तुम संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ व्यापार नहीं करोगे, और तुम दोनों देशों को 200 प्रतिशत टैरिफ देना होगा। जिसके बाद दोनों देशों ने शांति स्थापित कर ली।

## लेबनान में इस्राइली हमलों से 12 की मौत, बच्चों समेत 24 घायल; क्षेत्रीय तनाव और गहराया

**बेरूत , एजेंसी।** मध्य पूर्व में तनाव एक बार फिर बढ़ गया है। लेबनान के पूर्वी बेका घाटी में इस्राइल के हवाई हमलों में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 24 लोग घायल हो गए। घायलों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। उसी दिन सैदा शहर के एक फलस्तीनी शरणार्थी शिविर पर हुए अलग हमले में दो और लोगों की जान गई। इन घटनाओं से क्षेत्र में हालात और संवेदनशील हो गए हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार शुक्रवार को बेका घाटी में कई ठिकानों पर हवाई हमले हुए। स्थानीय टीवी फुटेज में एक बहुमंजिला इमारत को निशाना बनते दिखाया गया। हमले के बाद इमारत में आग लग गई और राहत टीमें मलबे में फंसे लोगों की



तलाश करती रहीं। इस्राइली सेना ने दावा किया कि उसने हिजबुल्लाह के कमांड सेंटर को निशाना बनाया। हिजबुल्लाह की ओर से तुरंत कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई।

**सैदा में शरणार्थी शिविर पर हमला :** दिन में पहले सैदा के ऐन अल-हिलवेह फलस्तीनी शरणार्थी शिविर पर भी हमला हुआ। इस्राइल ने कहा कि उसने हमास के कमांड सेंटर को निशाना बनाया। हमास ने दो सदस्यों की मौत की पुष्टि की, लेकिन कहा कि कमांड सेंटर पर हमले का दावा कमजोर बहाना है। संगठन ने कहा कि जिस इमारत को निशाना बनाया गया वह विभिन्न फलस्तीनी गुटों की संयुक्त सुरक्षा इकाई की थी। अक्तूबर 2023 में हमास के नेतृत्व में इस्राइल पर हुए हमले के बाद गाजा में युद्ध शुरू हुआ। इसके समर्थन में हिजबुल्लाह ने लेबनान से इस्राइल पर रॉकेट दागे। जवाब में इस्राइल ने हवाई हमले और गोलाबारी की। सितंबर 2024 में यह टकराव व्यापक युद्ध में बदल गया। दो महीने बाद अमेरिका की मध्यस्थता से युद्धविराम हुआ, लेकिन पूरी तरह शांति बहाल नहीं हो सकी। तब से इस्राइल लेबनान में नियमित हमले करता रहा है। शुक्रवार के हमलों में मौतों की संख्या असामान्य रूप से अधिक रही। यह उस समय हुआ है जब अमेरिका ने ईरान को चेतावनी दी है कि यदि परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत विफल होती है।

## पीएम मोदी के दौरे से उत्साहित इस्राइल, नेतन्याहू बोले- भारत बेहद शक्तिशाली और लोकप्रिय देश

**येरूसलम, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 और 26 फरवरी को इस्राइल के दौरे पर रहेंगे। पीएम मोदी का यह नौ साल बाद इस्राइल का दौरा है। इससे पहले उत्साहित उनके इस्राइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि भारत बेहद शक्तिशाली और लोकप्रिय देश है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित दौरे से उत्साहित उनके इस्राइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि भारत बेहद शक्तिशाली और लोकप्रिय देश है। इस्राइल अपने सहयोगियों के साथ गठबंधन मजबूत कर रहा है। नेतन्याहू ने बृहस्पतिवार को इस्राइली रक्षा बलों (आईडीएफ) के कैडेट के दीक्षांत समारोह में कहा, इस्राइल बुराई के खिलाफ निवारक उपाय करता है। इसलिए, क्षेत्र में खतरों को बेअसर करने के लिए आवश्यकतानुसार, समय-समय पर कार्रवाई करेगा। नेतन्याहू ने कहा, हम अपने सहयोगियों के साथ गठबंधन को मजबूत करने के लिए भी कदम उठाएंगे। अगले सप्ताह एक बेहद शक्तिशाली देश के प्रधानमंत्री इस्राइल का दौरा करेंगे। नेतन्याहू ने कहा, निश्चित रूप से आप जानते हैं कि कुछ दिन पहले मैं एक और महत्वपूर्ण दौरे से लौटा हूं। यह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के लिए चुने जाने के बाद से मेरा सातवां दौरा था। वहां मैंने इस्राइल के सबसे पक्के मित्र अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात की। उन्होंने दावा किया कि हाल में प्रकाशित अमेरिकी सुरक्षा सिद्धांत में इस्राइल दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जिसे अमेरिका आदर्श



सहयोगी बताता है। मालूम हो कि पीएम मोदी के इस्राइल दौरे की वैश्विक स्तर पर चर्चाएं है। इस्राइल-भारत के बीच मजबूत गठबंधन नेतन्याहू ने इससे पहले रविवार को प्रमुख अमेरिकी-यहूदी संगठनों के अध्यक्षों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी की प्रस्तावित यात्रा का उल्लेख किया था। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा था, संसद को संबोधित करने की तैयारी चल रही है। अगले हफ्ते यहां कौन आ रहा है? नरेंद्र मोदी। नेतन्याहू ने कहा, वर्षों से इस्राइल और भारत के बीच एक मजबूत गठबंधन है। हम हर तरह के सहयोग पर चर्चा करने जा रहे हैं। आप जानते हैं, भारत कोई छोटा देश नहीं है। इसकी आबादी 1.4 अरब है। भारत बेहद शक्तिशाली और बेहद लोकप्रिय है। प्रधानमंत्री मोदी 25 फरवरी को दो दिवसीय दौरे पर इस्राइल पहुंचेंगे। इस दौरान वह नेसेट (संसद) को संबोधित कर सकते हैं। पीएम मोदी नेतन्याहू और राष्ट्रपति इसाक हर्जोग से मुलाकात करेंगे। यह पीएम मोदी की इस्राइल की दूसरी यात्रा होगी। पहली यात्रा जुलाई 2017 में हुई थी, जो किसी भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा यहूदी राष्ट्र की पहली यात्रा थी।

## रूस के खतरे से सतर्क पोलैंड अब सीमा पर बिछाएगा बारूदी सुरंग, कहा- सुरक्षा जरूरी

**वारसा, एजेंसी।** रूस के खतरे से पोलैंड सतर्क हो गया है। इसी के साथ अब सीमा पर बारूदी सुरंग बिछाएगा। उप रक्षामंत्री पावेल जालेव्स्की ने कहा कि रूस पड़ोसियों के प्रति बहुत आक्रामक इरादे रखने वाला देश है। पोलैंड ने रूस से बढ़ते खतरे का हवाला देते हुए अपनी सीमा पर बारूदी सुरंग बिछाने का एलान किया है। यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद मध्य यूरोपीय देश विवादास्पद हथियारों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने वाले अंतरराष्ट्रीय समझौते से आधिकारिक तौर पर अलग हो गया है। उप रक्षामंत्री पावेल जालेव्स्की ने एपी को बताया, ये बारूदी सुरंग उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के पूर्वी हिस्से में, उत्तर में रूस के साथ और पूर्व में बेलारूस के साथ लगती सीमा पर लगाई जाएंगी। हम रक्षा संरचना का निर्माण कर रहे हैं और सुरक्षा के लिए यह बहुत जरूरी है। पोलैंड को रूस से अपना बचाव करने की जरूरत है। जालेव्स्की ने कहा, रूस एक ऐसा देश है जिसके अपने पड़ोसियों के प्रति बहुत आक्रामक इरादे हैं। उसने खुद कभी अंतरराष्ट्रीय बारूदी सुरंगों पर प्रतिबंध संधि के प्रति प्रतिबद्धता नहीं जताई है। मालूम हो कि फरवरी 2022 से ही रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध चल रहा है। इससे अब तक दोनों पक्षों से हजारों नागरिकों व सैनिकों की जान जा चुकी है। पोलैंड इससे सतर्क है।

**ओटावा संधि के तहत बारूदी सुरंगों पर था प्रतिबंध :** वर्ष 1997 में बारूदी सुरंग पर प्रतिबंध संबंधी संधि को मंजूरी दी



गई थी। इसे ओटावा संधि के नाम से भी जाना जाता है। यह संधि हस्ताक्षरकर्ताओं को बारूदी सुरंग रखने या बिछाने से रोकती है। कंबोडिया, अंगोला, बोस्निया और हर्जेगोविना सहित देशों के पूर्व संघर्ष क्षेत्रों में इन बारूदी सुरंगों की वजह से नागरिकों को हुई क्षति के मद्देनजर यह संधि अस्तित्व में आई थी।

**2016 में नष्ट कर दी थी बारूदी सुरंग :** पोलैंड ने 2012 में संधि की पुष्टि की थी। उसने 2016 में अपने सभी बारूदी सुरंग नष्ट कर दी थी। हालांकि, शुक्रवार को उसने संधि से हटने की घोषणा करते हुए कहा कि वह इन हथियारों का निर्माण फिर से शुरू करने की योजना बना रहा है।

**यूक्रेन पर हमले के बाद से सतर्क हैं पड़ोसी देश :** रूस की तरफ से यूक्रेन पर हमले के बाद से पड़ोसी देश सतर्क हैं और वे अंतरराष्ट्रीय संधि देश में अपनी भागीदारी का पुनर्मूल्यांकन कर रहे हैं। पिछले वर्ष वारसॉ ने फिनलैंड, एस्टोनिया, लातविया और लिथुआनिया के तीन बाल्टिक राज्यों व यूक्रेन के साथ मिलकर संधि छोड़ने की घोषणा की थी। रूस उन लगभग तीन दर्जन देशों में से एक है जो अमेरिका के साथ कभी भी ओटावा संधि में शामिल नहीं हुए हैं।

**मारी जा चुकी हैं पांच हजार से ज्यादा महिलाएं व युवतियां :** संयुक्त राष्ट्र महिला जिनेवा तथा मानवीय कार्रवाई की प्रमुख सोफिया कैल्टोर्प ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि फरवरी 2022 में रूसी हमले शुरू होने के बाद से यूक्रेन में 5,000 से अधिक महिलाओं और लड़कियों की मौत हो चुकी है व 14 हजार से अधिक महिलाएं-लड़कियां घायल हुई हैं।

**20त्न यूक्रेनी क्षेत्र पर रूस का कब्जा, लोग बदहाल :** करीब चार वर्षों से जारी संघर्ष के दौरान रूस ने 20 प्रतिशत से अधिक यूक्रेनी क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है। इस क्षेत्र में लगभग 30-50 लाख लोग रहते हैं। रूस के नियंत्रण वाले इन क्षेत्रों में लोग आवासीय, जल, ऊर्जा, गर्मी व स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। यहां तक रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने भी डोनेट्स्क, लुहांस्क, खेरसोन व जापोरिजिया क्षेत्र में कई वास्तव में दबाव वाली व अत्यावश्यक समस्याओं को स्वीकार किया है।

# टी20 विश्व कपः इंग्लैंड ने श्रीलंका को हराकर सुपर-8 का अपना पहला मुकाबला जीता

**पल्लेकेले (एजेंसी)।** फिल सॉल्ट के अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के अच्छें प्रदर्शन से इंग्लैंड ने टी20 विश्व कप 2026 के सुपर-8 के अपने पहले ही मुकाबले में शानदार दमदार प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका को 51 रनों से हरा दिया। इस मैच में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट पर 146 रन बनाये। इसक बाद मेजबान लंकाई टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 16.4 ओवर में 95 रनों पर ही आउट हो गयी।

मेजबान श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी का फैसला किया जो सही साबित नहीं हुआ। इंग्लैंड ने खराब शुरुआत के बाद फिल सॉल्ट की 40 गेंदों में 62 रनों की पारी से ठीक स्कोर बना लिया। सॉल्ट ने संयम और आक्रामकता के साथ खेलते हु पारी को संवारा। मध्य क्रम हालांकि टिक नहीं पाया। । श्रीलंकाई गेंदबाज़ों ने अच्छी गेंदबाजी कर इंग्लैंड के अन्य बल्लेबाजों को हावी होने का अवसर नहीं दिया। अंतिम ओवरों में टीम किसी प्रकार 150 के करीब पहुंच पायी।

जीत के लिए 147 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत भी अच्छी नहींरही। पावरप्ले के अंत तक आधी टीम 34 रनोंर पर ही सिमट गयी। जैक्स ने लगातार चार ओवर गेंदबाज़ी करते हुए 22 रन देकर तीन विके लिए। वहीं जोफ्रा आर्चर ने नई गेंद से दो अहम विकेट लिए, जबकि लियाम डॉसन और आदिल रशीद ने भी दबाव बनाये रखा। । कप्तान दासुन शनाका ने 30 रन बनाये पर वह टिक नहीं पाये। आदिल रशीद ने अंतिम विकेट लेकर श्रीलंकाई पारी समेट दी।




# अल्काराज़ ने कतर ओपन टेनिस खिताब जीता



**दोहा (एजेंसी)।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज़ ने कतर ओपन टेनिस खिताब जीत लिया है। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी अल्कराज ने खिताबी मुकाबल में फ्रांस के अर्थुर फिल्स को सीधे सेटों में 6-2, 6-1 से हराया। दोनो में ये मुकाबला केवल 50 मिनट तक चला, जिसमें अल्काराज़ का दबदबा रहा।

इस खिताबी जीत के साथ ही अल्काराज़ ने इस साल 2026 में लगातार 12 मैच जीतने वाले खिलाड़ी बन गये हैं। इससे पहले उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीतकर करियर ग्रैंड स्लैम पूरा किया था। वह चारों ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। अब उनके टूर खिताबों की तादाद बढ़कर 26 पहुंच गयी है। फाइनल में उन्होंने आक्रामक रुख अपनया जिसका फ्रांसीसी खिलाड़ी के पास जवाब नहीं था। खिताब जीतने के बाद उत्साहित अल्काराज़ ने कहा- साल की शुरुआत वाकई बहुत अच्छी रही है। मैं अपने खेल से बेहद खुश हूं और इसी लय को आगे भी बनाये रखना चाहता हूं। अल्काराज की इस फॉर्म को देखते हुए तय है कि वह इस सत्र में आगे भी खिताब जीतकर नये रिकार्ड बनाएंगे।

# किसी भी टीम को हल्के से ना लें, इससे आप लक्ष्य से भटक सकते हो : डैरेन सैमी



**मुंबई (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डैरेन सैमी ने टी20 विश्व कप के सुपर आठ के रविवार को होने वाले मैच से पहले अपने खिलाड़ियों को आगाह किया कि वह जिम्बाब्वे को किसी भी तरह से कम करके आंकने की गलती नहीं करें क्योंकि इससे वह लक्ष्य से भटक सकते हैं। सैमी ने इसके साथ ही कहा कि जिम्बाब्वे को ग्रुप बी में श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया जैसी वरीयता प्राप्त टीमों के साथ रखे जाने से अतिरिक्त प्रेरणा मिली होगी और उनका मानना है कि इसी वजह से जिम्बाब्वे ने अपनी क्षमता से बढ़कर प्रदर्शन किया और ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया।

जिम्बाब्वे ने ग्रुप चरण में पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका को हराकर सबको चौंका दिया था। सैमी ने मैच की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा, 'ऐसा कम ही होता है कि केवल शीर्ष टीमें ही आगे बढें। मेरी टीम जानती है कि वह विश्व कप में खेल रही है। कल हमारा मुकाबला जिम्बाब्वे से है, फिर दक्षिण अफ्रीका से और उसके बाद भारत से।' उन्होंने कहा, 'हमारे सामने पिछले विश्व कप के दो फाइनलिस्ट हैं। अगर आपको जीतना है तो आपको अपने सामने मौजूद चुनौतियों का सामना करना होगा। इसे हल्के में न लें, किसी को भी कम न समझें। अगर आप अन्य चीजों पर ध्यान देते हैं तो आप लक्ष्य से भटक सकते हैं।'

सैमी ने जिम्बाब्वे के ग्रुप चरण में शानदार प्रदर्शन के बारे में कहा कि उसे वरीयता नहीं मिली थी जिससे वह अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित हुआ। उन्होंने कहा, 'जिम्बाब्वे ने वही किया जो उसे करना चाहिए था। अगर हमें वरीयता नहीं मिली होती या ऐसा कुछ होता और मैं देखता कि यह व्यक्ति (एक प्रतिद्वंद्वी) वहां खेलने जा रहा है तो इससे मुझे प्रेरणा मिलती।' सैमी ने कहा, 'मुझे पूरा यकीन है कि जिम्बाब्वे ने उस टीम को देखकर प्रेरणा और प्रोत्साहन हासिल किया होगा और उसी तरह से खेला होगा। लेकिन (टीमों को वरीयता देने के मामले में) मैं व्यवस्था के दृष्टिकोण से भी समझता हूं। प्रशंसकों को आश्वासन देने की कोशिश करना जरूरी है।'

# भारत ए ने बांग्लादेश ए को हराकर दूसरी बार महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स खिताब जीता

**बैंकॉक (एजेंसी)।** तेजल हसनबिस के अर्धशतक से भारत ए टीम ने यहां खेले गये एशिया कप महिला राइजिंग स्टार्स के फाइनल में बांग्लादेश ए को 46 रनों से हराकर खिताब जीता है। भारत की ओर से तेजल ने 34 गेंदों पर नाबाद 51 रन बनाये। वहीं इसके बाद लेग स्पिनर प्रेमा रावत ने भी 12 रन देकर तीन विकेट लिए।

इस मैच में भारत ए ने एक समय 44 रन पर 4 विकेट खो दिये थे पर इसके बाद हसनबिस ने कप्तान राधा यादव के साथ पारी को संभाला। राधा ने 30 गेंदों पर 36 रन बनाये। इन दोनो के बीच पांचवें विकेट के लिए 89 रन की साझेदारी हुई। इससे भारत ए टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 134 रन तक पहुंची। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश ए टीम टिक नहीं पायी और 19.1 ओवर में 88 रन पर ही आउट हो गयी। बांग्लादेश ए टीम भारतीय गेंदबाजी के सामने टिक नहीं पायी। उसने लक्ष्य का पीछा करते हुए शुरुआत में ही 12 रन पर अपना पहला विकेट खो दिया। तेज गेंदबाज साइमा ठाकोर ने इश्मा तंजीम को पेवेलियन भेजा। वहीं इसके बाद प्रेमा ने शमीमा सुल्ताना को आउट कर दिया। इसके बाद एक के बाद एक विकेट गिरते चले गये।




## पाकिस्तान को सेमीफानल में पहुंचने सुपर-8 के दोनो मैच जीतने होंगे

कोलंबो । आईसीसी टी20 विश्वकप क्रिकेट के सुपर-8 में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच हुए पहले मुकाबले के बारिश के कारण रद्द होने के बाद ही दोनो ही टीमों को एक-एक अंक मिले हैं। ऐसे में अब दोनो ही टीमें सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए बचे हुए दोनो ही मैच जीतने पूरी ताकत लगा देंगी। पाकिस्तान के आगे जाने की संभावनाएं अब बचे हुए मैचों के परिणामों पर आधारित रहेंगी। पाकिस्तान को अब अंतम चार में पहुचने न केवल देनो ही मैच जीतना होगा बल्कि ये भी देखना होगा कि उनका रन रेट बेहतर रहे। 24 फरवरी को पाकिस्तान की टीम को इंग्लैंड से खेलना है और उसके लिए ये मुकाबला आसान नहीं रहेगा। इंग्लैंड एक ऐसी टीम है जो किसी भी दिन मैच का पासा पलट सकती है। इसके बाद पाक को संयुक्त रुप से मैच का आयोजर कर रही श्रीलंका से 28 फरवरी को अपना अंतिम सुपर 8 मुकाबला खेलना होगा। अगर पाकिस्तान इंग्लैंड से हार जाता है, तो यह मैच उसे हार हाल में बड़े अंतर से जीतना होगा। भी पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना बढ़कर 56.25 फीसदी हो गयी है। वहीं इंग्लैंड और श्रीलंका, जिन्हें अभी बड़े मैच खेलने हैं, उनकी जीत की संभावना घटकर 43.75 फीसदी पाक के पास अब अधिकतम 5 अंक तक पहुंचने का मौका है।

## धवन ने सोफी शाइन से की दूसरी शादी

मुम्बई । पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन दूसरी बार दूल्हा बने हैं। धवन ने आयरलैंड की सोफी शाइन के साथ दूसरी शादी रचाई। उनकी शादी में रिश्तेदार और करीबी दोस्त शामिल हुए। धवन ने अपनी शादी की तस्वीरें भी सोशल मीडिया में भी साझा की हैं। इसके साथ ही उन्हें बधाइयां मिलने लगीं। अभिनेता रणवीर सिंह ने भी धवन के अलावा अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस ने इस जोड़े को बधाई दी है। रणवीर ने धवन को बधाई देते हुए लिखा, बधाई और भगवान का आशीर्वाद बना रहे भाई, । वहीं कॉमेडियन सुनील ग्रोवर ने लिखा, बधाई हो पाजी और भाभी जी, अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस ने दिल वाली इमोजी बनाई। वहीं क्रिकेटर युजवेंद्र चहल ने भी दोनो को बधाई दी है। धवन जहां शेरवानी में वहीं सोफी खूबसूरत लहंगे में नजर आई। शादी की तस्वीरों में दोनो ही बेहद खुश दिखे। धवन और सोफी की सगाई जनवरी में हुई थी। इसके बाद से ही शादी की तैयारी चल रही थी। इनकी सगाई की तस्वीरों को भी प्रशंसकों ने काफी पसंद किया था। ये दोनो ही पिछले काफी सयम से रिलेशनशिप में थे। धवन की पहली शादी ऑस्ट्रेलिया की आयेशा मुखर्जी से हुई थी जिनसे उन्हें एक बेटा जोरावर है। धवन और आयशा के बीच आठ साल के बाद तलाक हो गया था। उसके बाद से ही शिखर अकेले पड़ गये थे।



## अपनी तकनीक में बदलाव नहीं करुंगा : अभिषेक




अहमदाबाद। भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा टी20 विश्वकप में असफल रहे हैं। वह अपने तीनों ही मैचों में खाता नहीं खोल पाये हैं। इसके बाद भी अभिषेक का कहना है कि वह आगे भी अपना खेलने का अंदाज नहीं बदलेंगे भले ही शून्य पर आउट हो जायें। भारतीय टीम अब लीग में जीतकर सुपर-8 में पहुंच गयी है। ऐसे में अभिषेक पर अब रन बनाने का दबाव है। अभिषेक वह पहली ही गेंद से आक्रामक खेलने का प्रयास करते हैं और इसी में कभी-कभी विकेट गंभव देते हैं। ग्रुप स्तर पर वह तीन पारियों में सिर्फ आठ गेंद ही खेल पाए। आंकड़े भी उनके खराब फॉर्म को दिखाते हैं। वह अपनी पिछली सात पारियों में पांच बार शून्य पर आउट हुए हैं. कुल मिलाकर, 40 टी20 अंतरराष्ट्रीय पारियों में से छह में वह बिना रन बनाए पवेलियन लौटे हैं। वहीं इससे उबरने अभिषेक लगातार ट्रेनिंग में मेहनत कर रहे हैं, जिससे अपना फार्म वापस पा सकें। उन्होंने अपने पर दबाव से इंकार करते हुए कहा फ्रमैं बस अपनी बल्लेबाजी का मजा लेता हूं, मैंने दो साल पहले दबाव लेना बंद कर दिया क्योंकि मुझे समझ आ गया कि प्रक्रिया मेरे हाथ में है। अभ्यास और ट्रेनिंग मैं नियंत्रित कर सकता हूं, और उसी पर ध्यान देता हूं। मुझे यह पसंद है, इसलिए कोई दबाव नहीं है। फ्रअभिषेक जानने है कि हर खिलाड़ी के करियर में ऐसा समय आता है। इसलिए मौजूदा खराब दौर के बाद भी वह अपनी तकनीक में बदलाव नहीं करेंगे क्योंकि इसी ने टी20 में उन्हें नंबर-1 बनाया है। इस बल्लेबाजन ने कहा ' करियर में हमेशा उतार-चढ़ाव आते हैं। कभी रन बनते हैं, कभी नहीं. लेकिन मैंने तय किया है कि मैं अपने तरीके से ही खेलूंगा।'

# रिटायरमेंट की अफवाहों पर फुल स्टॉप, आईपीएल 2026 में फिर दिखेगा 'कैप्टन कूल' का जलवा

**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स के प्रशंसकों के लिए बड़ी खबर सामने आई है। चेन्नई सुपर किंग्स के CEO कासी विश्वनाथन ने पुष्टि कर दी है कि दिग्गज विकेटकीपर-बल्लेबाज़ एमएस धोनी आईपीएल 2026 में खेलते नजर आएंगे।

लगातार उठ रही रिटायरमेंट की अटकलों के बीच यह आधिकारिक बयान सामने आया है, जिससे साफ हो गया है कि धोनी एक और सीजन 'येलो जर्सी' में दिखाई देंगे। कासी विश्वनाथन ने स्पष्ट कहा, 'एमएस धोनी आईपीएल 2026 सीजन के लिए उपलब्ध हैं।'




### सीएसके के साथ धोनी की विरासत

धोनी का चेन्नई सुपर किंग्स के साथ सफर ऐतिहासिक रहा है। उनकी कप्तानी में टीम ने 2010, 2011, 2018, 2021 और 2023 में आईपीएल खिताब जीते। 44 वर्ष की उम्र में भी उनका खेल और फिटनेस फैंस को चौंकाते रहे हैं।

2008 से अब तक धोनी सीएसके के स्तंभ रहे हैं। उन्होंने 272 मैचों में 5314 रन बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 2019 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ नाबाद 84 रन रहा।

### कप्तानी का लंबा सफर

धोनी ने 244 मैचों में टीम की कप्तानी की, जिसमें 145 जीत दर्ज कीं। उनका जीत प्रतिशत 59.42 रहा है।

2022 में कप्तानी रवींद्र जडेजा को सौंपी गई थी, लेकिन टीम के खराब प्रदर्शन के बाद धोनी को बीच सीजन में दोबारा जिम्मेदारी संभालनी पड़ी। 2024 में ऋतुराज गायकवाड़ को कप्तान बनाया गया। 2025 में गायकवाड़ के चोटिल होने पर धोनी ने फिर टीम की कमान संभाली, हालांकि वह सीजन टीम के लिए कठिन रहा।

### 2026 के लिए रिटेंशन और बड़े बदलाव

आईपीएल 2026 के लिए धोनी को 4 करोड़ रुपये में अनकैप्ड प्लेयर नियम के तहत रिटेन किया गया है। उनके साथ रिटेन खिलाड़ियों में ऋतुराज गायकवाड़, शिवम दुबे, आयुष म्हात्रे, डेवॉल्ड ब्रेविस और नूर अहमद शामिल हैं।

बड़े बदलाव के तहत रवींद्र जडेजा और सैम करन को राजस्थान रॉयल्स में ट्रेड किया गया है। वहीं चेन्नई ने राजस्थान रॉयल्स से संजू सैमसन को अपने साथ जोड़ा है, जिससे टीम की बल्लेबाजी को नई मजबूती मिलने की उम्मीद है।

### आईपीएल 2026 के लिए सीएसके की पूरी टीम

कार्तिक शर्मा, प्रशांत वीर, अकील हुसैन, एमएस धोनी, ऋतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, आयुष म्हात्रे, डेवॉल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, उर्विल पटेल, नूर अहमद, नाथन एलिस, श्रेयस गोपाल, खलील अहमद, रामकृष्ण घोष, मुकेश चौधरी, जेमी ओवरटन, गुरजपनीत सिंह और अंशुल कंबोज।

## पांड्या ने बेटे अगस्त्या को उपहार में दी करोड़ों की एसयूवी

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या अपनी महंगी जीवनशैली के लिए जाने जाते हैं। वह हमेशा महंगी घडियां पहने दिखते हैं। इसी कड़ी में अब हार्दिक ने अपने पांच साल के बेटे अगस्त्या को करोड़ों की एसयूवी कार उपहार में दी है। पांड्या का सर्बियाई अभिनेत्री नताशा स्टैनकोविक से तलाक हो गया है पर बेटे का ध्यान दोनो ही मिलकर रहते हैं। अगस्त्या की कस्टडी हालांकि नताशा को मिली है पर हार्दिक उनसे मिलते रहते हैं। इतने छोटे से बेटे को करोड़ों की एसयूवी कार उपहार में दिये जाने से लोग हैरान दी क्योंकि उनके बेटे की उम्र अभी खिलौनों से खेलने की है। सोशल मीडिया पर हार्दिक के अपने बेटे अगस्त्या और पूर्व पत्नी नताशा स्टैनकोविक को दिए गए उपहार की तस्वीर वायरल हो रही है। इसमें हार्दिक का बेटा और नताशा लैंड रोवर डिफेंडर कार लेते दिख रहे हैं। तस्वीर में वेलकम नोट पर साफ-साफ लिखा हुआ है पापा टू अगस्त्या।

## मेस्सी की मौजूदगी में MLS चैंपियन इंटर मियामी को मिली पहले मैच में हार



लॉस एंजिलिस । स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी की मौजूदगी के बावजूद इंटर मियामी ने MLS कप में अपने खिताब के बचाव का अभियान हार के साथ किया। इंटर मियामी को अपने पहले मैच में लॉस एंजिलिस एफसी (LAFC) से 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। विजेता टीम की तरफ से डेविड मार्टिनेज, डेनिस बुआंगा और नाथन ऑर्डाज़ ने गोल किए। बुआंगा ने मैच के बाद कहा, 'वह मैच हमेशा खास होता है जिसमें मेस्सी खेलते हैं। हम मेस्सी की मौजूदगी में मियामी को हराना चाहते थे। इस मैच के लिए प्रत्येक खिलाड़ी का मनोबल बढ़ा होता है।' इस मैच को देखने के लिए ऐतिहासिक लॉस एंजिल्स मेमोरियल कोलिज़ियम स्टेडियम में 75,673 दर्शक उपस्थित थे। दर्शकों ने घरेलू टीम की शानदार जीत का जश्न मनाया और मेस्सी को खेलते हुए देखने का भरपूर आनंद लिया। मेस्सी ने इस महीने हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के बावजूद पूरा मैच खेला।

## फ्लॉयड मेवेदर जूनियर ने पेशेवर रिंग में वापसी के संकेत दिए


नई दिल्ली । मुक्केबाजी के दिग्गज फ्लॉयड मेवेदर जूनियर ने एक बार फिर पेशेवर मुक्केबाजी में वापसी के संकेत दिए हैं। मेवेदर ने कहा कि वह आधिकारिक पेशेवर मुकाबला लड़ने पर विचार कर रहे हैं, जिससे मुक्केबाजी की दुनिया में हलचल मच गई है। 2017 में कॉनर मैकग्रेगर को हराकर 50-0 का रिकॉर्ड बनाने वाले मेवेदर ने उस मुकाबले के दसवें राउंड में टीकेओ से जीत दर्ज की थी और तुरंत बाद संन्यास की घोषणा की थी। हालांकि, संन्यास के बाद भी मेवेदर पूरी तरह रिंग से दूर नहीं रहे। उन्होंने पेशेवर मुक्केबाजों, एमएमए फाइटर्स और सेलिब्रिटीज़ के खिलाफ कई प्रदर्शनी मुकाबले लड़े। अगस्त 2024 में मेक्सिको में उनका मुकाबला जॉन गोटी तृतीय से हुआ था। अब 2026 में मेवेदर 59 साल के माइक टायसन के साथ मुकाबले की तैयारी कर रहे हैं। यह मुकाबला अप्रैल 2026 में कांगो में प्रस्तावित है और इसे बॉक्सिंग इतिहास के सबसे चर्चित आयोजनों में से एक माना जा रहा है। दोनों फाइटर्स की संयुक्त उम्र 100 वर्ष से अधिक है, लेकिन फैंस के बीच इस इवेंट को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। मेवेदर ने कहा कि उनके इवेंट्स से प्राप्त गेट रेवेन्यू, वैश्विक दर्शक संख्या और कमाई शायद ही कोई और फाइटर हासिल कर सके। टायसन के साथ प्रस्तावित मुकाबला उनकी संभावित वापसी की दिशा में पहला कदम हो सकता है। यदि यह आधिकारिक मुकाबला बनता है, तो यह लगभग नौ साल बाद मेवेदर की पहली पेशेवर फाइट होगी। पांच अलग-अलग वेट डिवीजन में विश्व चैंपियन रह चुके मेवेदर का करियर ऐतिहासिक रहा है। टायसन के खिलाफ होने वाला मुकाबला तय करेगा कि 48 साल के मेवेदर का पेशेवर मुक्केबाज के रूप में भविष्य कैसा होगा। हालांकि, उनके फैंस रिंग में उनकी वापसी देखने के लिए उत्साहित हैं और उन्हें उम्मीद है कि यह मुकाबला मेवेदर के करियर को एक नया अध्याय दे सकता है।



# आज कनाडा, अमेरिका सहित कई देशों से खेल रहे भारतीय मूल के खिलाड़ी : प्रधानमंत्री मोदी

**सैंटोस (ब्राज़ील) (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में विदेशी टीमों से खेलते हुए नाम देश का नाम रौशन कर रहे भारतीय मूल के खिलाड़ियों की प्रशंसा की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज टी20 विश्वकप क्रिकेट को ही देख लें। इसमें खेल रहे दुनिया भर के कई देशों में भारतीय मूल के खिलाड़ी नजर आ रहे हैं जो वहां की टीमों से खेलते हुए दोनो देशों का नाम रौशन कर रहे हैं। उन्होंने इस दौरान कनाडा से खेल रहे दिलप्रीत बाजवा, अमेरिका से खेल रहे मोनांक पटेल सहित कई खिलाड़ियों का नाम लिया। प्रधानमंत्री ने कहा, जो खेले वो खिले, खेल हमें जोड़ता भी है। आजकल आप टी-20 विश्व कप के मैच देख रहे होंगे। इस दौरान किसी भारतीय को दूसरे देश की जर्सी पहने भी आपने देखा होगा। उसका नाम सुनकर आपकों लगता है कि ये तो अपने देश का है, तब दिल में खुशी भी होती है कि भारत से बाहर जाकर भी वह वह उस देश की ओर से खेलता है, जहां उसका परिवार बस गया है। वे अपने-अपने देशों की जर्सी पहनकर मैदान में उतरते हैं और पूरे मन से उस देश का प्रतिनिधित्व करते हैं। साथ ही कहा, कनाडा की टीम क ही देख लें, इसमें सबसे ज्यादा भारतीय मूल के खिलाड़ी हैं। टीम के कप्तान दिलप्रीत बाजवा का जन्म पंजाब के गुरदासपुर में हुआ था। नवनीत धालीवाल चंडीगढ़ के हैं। इस सूची में हर्ष ठाकर और श्रेयस मोआ जैसे कई खिलाड़ी शामिल हैं, जो कनाडा के साथ-साथ भारत का भी गौरव बढ़ा रहे हैं। अमेरिका टीम में शामिल कई खिलाड़ी भारत के घरेलू क्रिकेट से निकले हुए हैं। अमेरिकी टीम के कप्तान मोनांक पटेल ने गुजरात की ओर से खेला हैं। मुंबई के सौरभ, हरमीत सिंह, और दिल्ली के मिलिंद कुमार अमेरिकी टीम से खेल रहे हैं।

इसके अलावा ओमान की टीम में भी कई भारतीय हैं जो पहले भारत के अलग-अलग राज्यों से खेले हैं। जतिंद्र सिंह, विनायक शुक्ला, करन, जय और आशीष जैसे खिलाड़ी ओमान क्रिकेट टीम से खेलते हैं। इसके अलावा न्यूजीलैंड, यूएई और इटली की टीमों में भी भारतीय मूल के कई खिलाड़ी हैं। ये भारतीय देश से बाहर जाने के बाद भी देश का गौरव बढ़ा रहे हैं और वहां के युवाओं के लिए प्रेरणा बन रहे हैं। भारतीयता की यही तो विशेषता है, वह जहां भी जायें, अपनी जड़ों से जुड़े रहते हैं। इसी के साथ ही वह जिस देश में रहते हैं, वहां के विकास के लिए सहयोग में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



# बीयर उद्योग उत्तर प्रदेश में 5,500 करोड़ का निवेश करेगा

**- 2,000 करोड़ के निवेश वाले दो बड़े एल्युमीनियम कैन उत्पादन संयंत्र पाइपलाइन में**

**नई दिल्ली ।**

ब्रूअर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) ने घोषणा की है कि बीयर उद्योग अगले तीन साल में उत्तर प्रदेश में नई इकाइयों और सहायक सुविधाओं में लगभग 5,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। बीएआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उद्योग राज्य में बड़ा दांव लगा रहा है और नई आबकारी नीति को प्रगतिशील बताते हुए इसका स्वागत किया है। अधिकारी ने कहा कि 1,500 करोड़ रुपये की लागत वाली दो नई ब्रूअरीज पर काम पहले से ही चल रहा है। इसके अलावा, 2,000 करोड़ रुपये के निवेश वाले दो बड़े एल्युमीनियम कैन उत्पादन संयंत्र पाइपलाइन में हैं। इसी तरह, 2,000 करोड़ रुपये की लागत वाली कुछ ग्लास उत्पादन इकाइयाँ भी जल्द शुरू होंगी। इसके अतिरिक्त माल्टिंग और पेपर बॉक्स निर्माण इकाइयों की योजना भी तैयार की जा रही है। बीएआई के अनुसार इन सभी निवेशों से न केवल उद्योग को बड़ा बढ़ावा मिलेगा, बल्कि राज्य में नई नौकरियों का सृजन भी होगा। यह निवेश उत्तर प्रदेश को बीयर उद्योग में एक प्रमुख केंद्र बनाने में मदद करेगा। बीएआई तीन प्रमुख कंपनियों - यूनाइटेड ब्रूअरीज लिमिटेड (यूबीएल), एबीइनबेवऔर कार्ल्सबर्ग का प्रतिनिधित्व करती है। ये कंपनियां भारत में बिकने वाली कुल बीयर का 85 प्रतिशत नियंत्रित करती हैं और देश में 55 से अधिक ब्रूअरीज संचालित करती हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने 2026-27 के लिए नई आबकारी नीति लागू की है। बीएआई के मुताबिक यह नीति लाइसेंसिंग और मंजूरी प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता लाती है और कराधान, वितरण और लाइसेंसिंग के नियम स्पष्ट करती है।

## फरवरी के आखिरी हफ्ते में निवेशकों के लिए डिविडेंड का अवसर




**- छह बड़ी कंपनियां अपने शेयरधारकों को इंटरिम डिविडेंड देंगी**

**नई दिल्ली ।**

शेयर बाजार में निवेशकों के लिए फरवरी का आखिरी हफ्ता खास रहने वाला है। छह बड़ी कंपनियां अपने शेयरधारकों को इंटरिम डिविडेंड देने जा रही हैं। डिविडेंड का मतलब है कि कंपनी अपने मुनाफे का एक हिस्सा निवेशकों को नकद के रूप में देती है। यदि आपके पास शेयर एक्स-डेट से पहले हैं, तो आप डिविडेंड के हकदार होंगे।

सोमवार को पहला नंबर है पीआई कंपनी का। कंपनी का सिक्योरिटी कोड 523642 और सिक्योरिटी नेम पीआईआईएनडी है। कंपनी ने 23 फरवरी को एक्स-डेट और रिकॉर्ड डेट तय की है। कंपनी 5 रुपये प्रति शेयर का अंतरिम डिविडेंड दे रही है। 24 फरवरी को एक्स-डेट पर ट्रेड करेगी। रिकॉर्ड डेट भी 24 फरवरी ही है। कंपनी ने 22 रुपये प्रति शेयर का अंतरिम डिविडेंड घोषित किया है। यह इस सूची में सबसे ज्यादा प्रति शेयर डिविडेंड है। 25 फरवरी को एनबीसीसी की बारी है। कंपनी ने 0.1200 रुपये प्रति शेयर का अंतरिम डिविडेंड घोषित किया है। एक्स-डेट और रिकॉर्ड डेट दोनों 25 फरवरी तय की गई हैं। 26 को स्टॉटमांट कंपनी एक्स-डेट पर जाएगी। कंपनी 0.1000 रुपये प्रति शेयर का अंतरिम डिविडेंड दे रही है। रिकॉर्ड डेट भी 26 फरवरी ही है। 27 फरवरी को दो कंपनियां एक साथ एक्स-डेट पर ट्रेड करेंगी। पहली है धनसेरी। कंपनी ने 3.5000 रुपये प्रति शेयर का अंतरिम डिविडेंड घोषित किया है। एक्स-डेट और रिकॉर्ड डेट 27 फरवरी तय की गई हैं। इसकी रिकॉर्ड डेट भी 27 फरवरी है।

## अब एनएसई पर 1000 गुना बढ़ जाएगी ट्रेडिंग की रफ्तार




**- 10 करोड़ ट्रांजेक्शन प्रति सेकंड की क्षमता**

**मुंबई ।**

देश का प्रमुख शेयर बाजार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज आफ इंडिया 11 अप्रैल से अपने ट्रेडिंग सिस्टम को नैनोसेकंड स्तर पर अपग्रेड करने जा रहा है। यह घोषणा एक्सचेंज के एक वरिष्ठ अधिकारी ने एसोसिएशन ऑफ एनएसई मेंबर्स ऑफ इंडिया (एएनएमआई) के एक कार्यक्रम में की। उन्होंने कहा कि नया सिस्टम मौजूदा स्पीड से करीब 1000 गुना तेज होगा और असली रियल-टाइम फाइनेंस की दिशा में बड़ा कदम साबित होगा। फिलहाल एनएसई का रिस्पॉन्स टाइम लगभग 100 माइक्रोसेकंड है, जिससे एक्सचेंज एक सेकंड में 50 से 60 लाख ट्रांजेक्शन प्रोसेस कर पाता है। अपग्रेड के बाद यह क्षमता बढ़कर लगभग 10 करोड़ (100 मिलियन) ट्रांजेक्शन प्रति सेकंड हो जाएगी। एक सेकंड में 10 लाख माइक्रोसेकंड होते हैं, जबकि एक नैनोसेकंड सेकंड का अरबवां हिस्सा है। इतनी तेज स्पीड से ऑर्डर मैचिंग और एक्जीक्यूशन में देरी लगभग समाप्त हो जाएगी। जार में अलग-अलग सेगमेंट में ट्रेडिंग गतिविधि लगातार बढ़ रही है। बढ़ते वॉल्यूम को संभालने के लिए एक्सचेंज अपने इंफ्रास्ट्रक्चर को भी मजबूत कर रहा है। वर्तमान में कोलोकेशन में 2000 से अधिक रैक्स हैं, जिन्हें बढ़ाकर 4500 तक ले जाने की क्षमता विकसित की जा रही है। इससे हाई-फ्रीक्वेंसी और बड़े निवेशकों को तेज निष्पादन का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इतनी हाई स्पीड के साथ साइबर जोखिम भी बढ़ जाता है। उन्होंने ब्रोकर्स और टेक्नोलॉजी वेंडर्स से साइबर सिक्योरिटी को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील की, ताकि सिस्टम की स्थिरता और विश्वसनीयता बनी रहे।

## अदाणी गंगावरम पोर्ट में लौह अयस्क ब्लेंडिंग और सेज के लिए साझेदारी

**एपीएसईजेड, एनएमडीसी और वेले ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए**

**नई दिल्ली ।**

अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकॉनमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने अपनी अनुषंगी कंपनी अदाणी गंगावरम पोर्ट लिमिटेड के माध्यम से गंगावरम बंदरगाह पर लौह अयस्क मिश्रण (ब्लेंडिंग) सुविधा और समर्पित विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) विकसित करने के लिए एनएमडीसी लिमिटेड और ब्राजील की वेले एसए के साथ रणनीतिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह एमओयू ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा की भारत यात्रा के दौरान नयी दिल्ली में आयोजित भारत-ब्राजील व्यापार मंच सम्मेलन में किया गया। समझौते के तहत तीनों पक्ष मिलकर लौह अयस्क मिश्रण, मूल्य वर्धन और इसके वाणिज्यिकरण के लिए सेज आधारित पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करेंगे। परियोजना का लक्ष्य भारत के पूर्वी तट पर खनिज प्रसंस्करण और निर्यात क्षमता को बढ़ाना है, जिससे भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में मजबूत स्थिति में आए। प्रस्तावित विकास के बाद गंगावरम बंदरगाह की क्षमता 7.5 करोड़ टन तक बढ़ जाएगी और यह लौह अयस्क का प्रमुख निर्यात केंद्र बनेगा।

एपीएसईजेड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह साझेदारी एक भविष्य के लिए तैयार और टिकाऊ ढांचा तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि आधुनिक बंदरगाह क्षमता और उच्च गुणवत्ता वाले खनिज लॉजिस्टिक्स को एकीकृत कर उद्योग की जरूरतों का समर्थन किया जाएगा और देश की आर्थिक वृद्धि में योगदान होगा। इस पहल से भारत-विशेषकर पूर्वी तट- पर लौह अयस्क मूल्य श्रृंखला को मजबूत किया जाएगा। साथ ही यह साझेदारी भारत और ब्राजील के बीच वैश्विक खनिज व्यापार सहयोग को बढ़ावा देने में भी मदद करेगी।

# सेंसेक्स की छह कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 63,478 करोड़ बढ़ा

**- शीर्ष 10 कंप नियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्री पहले स्थान पर बरकरार रही**

**नई दिल्ली ।**

पिछले सप्ताह शीर्ष 10 कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिला। कुल मिलाकर छह कंपनियों ने लाभ कमाया, जबकि चार कंपनियों के मूल्यांकन में गिरावट आई। सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से छह कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 63,478.46 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे ज्यादा लाभ लार्सन एंड टुब्रो और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में लार्सन एंड टुब्रो, एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), बजाज फ़ाइनेंस और रिलायंस इंडस्ट्रीज को लाभ हुआ। वहीं भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के मूल्यांकन में गिरावट आई।

सप्ताह के दौरान लार्सन एंड टुब्रो का बाजार मूल्यांकन 28,523.31 करोड़ बढ़कर 6,02,552.24 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एसबीआई की बाजार हैसियत 16,015.12 करोड़ बढ़कर 11,22,581.56 करोड़ हो गई। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 9,617.56 करोड़ बढ़कर 14,03,239.48 करोड़ रुपये और एलआईसी का मूल्यांकन 5,977.12 करोड़ बढ़कर 5,52,203.92 करोड़ रुपये हो गया।बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 3,142.36 करोड़ बढ़कर 6,40,387 करोड़ रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 202.99 करोड़ रुपये बढ़कर 19,21,678.78 करोड़ रुपये हो गया।इस रुख के उलट भारती एयरटेल का मूल्यांकन 15,338.66 करोड़ रुपये घटकर 11,27,705.37 करोड़ रुपये रह गया। ईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 14,632.10 करोड़ रुपये घटकर 9,97,346.67 करोड़ रुपये रह गई।

इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 6,791.58 करोड़ रुपये घटकर 5,48,496.14 करोड़ रुपये पर




और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का मूल्यांकन 1,989.95 करोड़ रुपये घटकर 9,72,053.48 करोड़ रुपये पर आ गया।

शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, एलआईसी और इन्फोसिस का स्थान रहा।

## अरविंदो फार्मा को पेन-जी उत्पादन 10,000 टन तक पहुंचने की उम्मीद

**नई दिल्ली ।** हैदराबाद स्थित दवा निर्माता अरविंदो फार्मा अगले 12 महीनों में अपने पेनिसिलिन-जी (पेन-जी) उत्पादन को वार्षिक आधार पर 10,000 टन से अधिक करने की उम्मीद कर रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ




वित्त अधिकारी ने विश्लेषकों से बातचीत में बताया कि पेन-जी संयंत्र में उत्पादन बढ़ाने का काम उम्मीदों के अनुरूप हो रहा है और आने वाले समय में मुनाफे में महत्वपूर्ण वृद्धि लाने के लिए तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि चीन स्थित कंपनी का विनिर्माण संयंत्र चौथी तिमाही में कर-पूर्व आय (ऐबिटा) के घाटे से उबरने की ओर है। आने वाले साल में यह संयंत्र कंपनी के शुद्ध लाभ में महत्वपूर्ण योगदान देगा। आंध्र प्रदेश के काकीनाडा सेज में मौजूद पेन-जी इकाई की कुल उत्पादन क्षमता 15,000 टन प्रति वर्ष तक पहुंच सकती है। वर्तमान में उत्पादन स्तर स्थिर है और इसमें लगातार सुधार हो रहा है।

## दीर्घावधि में दोपहिया उद्योग 8-9 फीसदी सालाना बढ़ने की संभावना- टीवीएस मोटर्स

**- अगले वित्त वर्ष की पहली छमाही बेहद अच्छी रहने की संभावन**

**नई दिल्ली ।** टीवीएस मोटर कंपनी के एक प्रमुख अधिकारी ने कहा है कि भारत का दोपहिया उद्योग आने वाले वर्षों में सालाना 8-9 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना रखता है। उन्होंने यह वृद्धि मुख्य रूप से जीएसटी दरों में कटौती, बुनियादी ढांचे पर निवेश और अर्थव्यवस्था की समग्र वृद्धि से जोड़कर बताया। उन्होंने विश्लेषकों से बातचीत में कहा कि यह उद्योग दीर्घावधि में स्थिर और मजबूत विकास की दिशा में है। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही सिर्फ 2 प्रतिशत वृद्धि दर्ज कर सकी थी। उन्होंने उम्मीद जताई कि पूरे वित्त वर्ष में यह वृद्धि लगभग 9 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। जीएसटी कटौती का लाभ उद्योग को मिल रहा है और अगले वित्त वर्ष की पहली छमाही बेहद अच्छी रहने की संभावना है। अधिकारी ने बताया कि चौथी तिमाही में उद्योग की वृद्धि 15 प्रतिशत से अधिक हो सकती है, जो कि साल के लिए सबसे मजबूत वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि पिछले साल सितंबर में लागू जीएसटी दरों में कटौती का असर अब चौथी तिमाही में स्पष्ट दिखेगा। उन्होंने कहा कि सड़क संपर्क में सुधार और सार्वजनिक परिवहन की चुनौतियों के कारण निजी परिवहन, विशेष रूप से दोपहिया वाहन, ग्राहकों के लिए आकर्षक विकल्प बने हैं। इसके अलावा, भारत में स्व-रोजगार वाले लोगों का बड़ा हिस्सा इसे खरीद सकते हैं और इसका इस्तेमाल अपने काम और दैनिक परिवहन में कर सकते हैं।

## बिजली की बढ़ती खपत से कोयले की मांग में तेजी आने की उम्मीद

**- दिसंबर में 6.3 फीसदी बढ़ी, जनवरी में भी कड़ाके की सर्दी की वजह से मांग बढ़ी**



**नई दिल्ली ।** देश में बिजली की खपत में बढ़ोतरी के चलते कोयले की मांग आने वाले दिनों में तेज होने की संभावना है। एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड के एक प्रमुख अधिकारी ने बताया कि अक्टूबर और नवंबर में बिजली की मांग में नकारात्मक वृद्धि देखने को मिली, लेकिन दिसंबर में यह 6.3 फीसदी बढ़ गई। जनवरी में भी कड़ाके की सर्दी और आर्थिक गतिविधियों में सुधार की वजह से बिजली की खपत बढ़ती रही। हालांकि, चालू वित्त वर्ष में कोयले की मांग कमजोर बनी हुई है। देश का कोयला क्षेत्र एक अरब टन उत्पादन का रिकॉर्ड बनाने के बाद अचानक मांग में गिरावट का सामना कर रहा है। इससे बड़ी सार्वजनिक कंपनियों और नई वाणिज्यिक खनन कंपनियों की विस्तार योजनाओं में अनिश्चितता पैदा हुई है। एमजंक्शन, जो सेल और टाटा स्टील का संयुक्त उद्यम है, 24-25 फरवरी को कोलकाता में 19वां भारतीय कोयला बाजार सम्मेलन कोआलोसेमः द कोल बैटलग्राउंड का आयोजन कर रहा है। इस सम्मेलन में कोयला, बिजली, सीमेंट, स्टील और लॉजिस्टिक्स सहित 36 प्रमुख उद्योगपति अपनी राय साझा करेंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि बिजली की खपत में बढ़ोतरी के चलते आने वाले महीनों में कोयले की मांग में मजबूती देखने को मिल सकती है।

# शेयर बाजार पर दिखेगा अमेरिकी आयात शुल्क में बदलाव का असर

**वैश्विक व्यापार और अमेरिकी आयात नीति पर अस्थिरता के बावजूद निवेशकों में सकारात्मक उम्मीदें**

**मुंबई ।**

भारत का शेयर बाजार पिछले सप्ताह तेज बढ़त के साथ बंद हुआ और निवेशकों की निगाहें अब इस सप्ताह पर टिकी हैं। इसका प्रमुख कारण अमेरिका में आयात शुल्कों में हाल ही में हुए बदलाव हैं, जो वैश्विक व्यापार और निवेश धाराओं पर सीधे असर डालते हैं। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा विभिन्न देशों पर लगाए गए ऊंचे आयात शुल्कों को रद्द कर दिया, जिससे वैश्विक बाजारों में नई उम्मीदें जगी हैं। इस फैसले के बाद ट्रंप प्रशासन ने 20 फरवरी को घोषणा की कि सभी देशों के लिए 150 दिन के लिए 10 प्रतिशत आयात शुल्क लागू होगा, जो 24 फरवरी से प्रभावी होगा। हालांकि, 21 फरवरी को ट्रंप ने सोशल मीडिया के जरिए कहा कि यह दर 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दी गई है, लेकिन अभी तक इसके लिए कोई औपचारिक आदेश जारी नहीं हुआ है। इस कदम से वैश्विक व्यापार और अमेरिकी आयात नीति पर अस्थिरता के बावजूद, निवेशकों में सकारात्मक उम्मीदें बनी हैं। भारत-अमेरिका के बीच हुए अंतरिम व्यापार समझौते के तहत अमेरिका ने भारतीय निर्यात पर 18 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने का प्रावधान किया था। अगर अमेरिकी प्रशासन वास्तव में इस दर को 10-15 प्रतिशत तक कम करता है, तो




भारतीय उत्पाद अमेरिका में सस्ते होंगे, जिससे निर्यात बढ़ सकता है। यह स्थिति भारतीय कंपनियों के वित्तीय प्रदर्शन और विदेशी निवेश प्रवाह के लिए लाभकारी हो सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिकी आयात शुल्क में संभावित कमी से भारतीय शेयर बाजार में लिवाल निवेशकों की संख्या बढ़ सकती है। इसके परिणामस्वरूप पिछले सप्ताह की तेजी इस सप्ताह भी जारी रहने की संभावना है। विशेष रूप से उन सेक्टर्स में, जो अमेरिका के निर्यात पर निर्भर हैं, निवेशकों की रुचि अधिक रहेगी।

## गेवरा खदान अगले साल बनेगी दुनिया की सबसे बड़ी कोयला खदान

**- गेवरा खदान अगले वित्त वर्ष में 6.3 करोड़ टन कोयला उत्पादन करने का लक्ष्य**

कोरबा। कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी साउथ ईस्टर्न कोल फील्ड लिमिटेड (एसईसीएल) द्वारा संचालित गेवरा खदान, भारत की सबसे बड़ी खुली कोयला खदान है। 1981 से संचालित यह खदान देश में कोयले की आपूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। एसईसीएल के एक अधिकारी ने बताया कि गेवरा खदान अगले वित्त वर्ष में 6.3 करोड़ टन कोयला उत्पादन करने का लक्ष्य रखती है। वर्तमान वित्त वर्ष में खदान का उत्पादन लक्ष्य 5.6 करोड़ टन है। खदान को अपनी अधिकतम क्षमता 7 करोड़ टन प्रति वर्ष तक बढ़ाने के लिए पर्यावरण मंजूरी भी पहले ही मिल चुकी है। अभी दुनिया की सबसे बड़ी कोयला खदान अमेरिका के व्योमिंग स्थित ब्लैक थंडर खदान है, जो लगभग 6.1-6.2 करोड़ टन कोयला उत्पादन करती है। यदि गेवरा खदान अपना अगला साल का लक्ष्य पूरा करती है, तो यह ब्लैक थंडर को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक खदान बन जाएगी। इसके बाद अमेरिका की नॉर्थ एंटीलोप रोशेल खदान का स्थान आता है। अधिकारी ने कहा कि इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पूरा करने के लिए आवश्यक सभी संसाधन मौजूद हैं। इसमें शामिल हैंः पर्याप्त भूमि, आधुनिक मशीनरी, कुशल जनशक्ति और ग्राहकों की मजबूत मांग। उन्होंने यह भी बताया कि टीम ने अग्रिम योजना के साथ हर संसाधन को सुनिश्चित कर लिया है।

# तेल-तिलहन और कपास बाजार में दबाव, सोयाबीन तेल में मामूली सुधार

**अगले 10-15 दिन में आवक बढ़ने की संभावना है, जिससे कीमतों पर और दबाव रहेगा**

**नई दिल्ली ।**

सरकार की ओर से पुराने स्टॉक की बिक्री और नयी फसल की आवक शुरू होने से सरसों और सरसों तेल-तिलहन के दाम गिर गए। अगले 10-15 दिन में आवक बढ़ने की संभावना है, जिससे कीमतों पर और दबाव रहेगा। महंगे सरसों तेल की खपत तभी बढ़ेगी जब इसका दाम सोयाबीन तेल से 5-7 रुपये प्रति किलो कम होगा। सोयाबीन के तेल रहित खल (डीओसी) की कमजोर स्थानीय मांग और सरकारी बिक्री के कारण सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट आई। हालांकि, सोयाबीन तेल की आयात कम होने और मांग बने रहने से कीमतों में मामूली सुधार देखा गया। मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में गिरावट रही, वहीं मजबूत आय वर्ग में साबुत मूंगफली और गुणवत्ता वाले तेल की स्थिर मांग बनी है। मूंगफली की खराब धारणा से बिनौला तेल के दाम भी नीचे गए। मलेशिया एक्सचेंज में तेजी के कारण पाम और पामोलीन के दाम बढ़े। अमेरिकी शुल्क फैसले के रद्द होने का असर अगले सप्ताह स्पष्ट होगा। सूत्रों ने बताया कि बीते सप्ताह सरसों दाना 235 रुपये की गिरावट के साथ 6,675-6,700 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। दादरी मंडी में बिकने वाला सरसों तेल 400 रुपये की गिरावट के साथ 13,800 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 65-65 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 2,325-2,425 रुपये और 2,325-2,470 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज के थोक भाव क्रमशः 75-75 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 5,275-5,325 रुपये और 4,875-4,925 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। दूसरी ओर दिल्ली में सोयाबीन तेल 50 रुपये के सुधार के साथ 14,400 रुपये प्रति क्विंटल, इंदौर में सोयाबीन तेल 50 रुपये के सुधार के साथ 14,000 रुपये और सोयाबीन डीगम तेल का दाम 50 रुपये के सुधार के साथ 11,250 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरकारी बिकवाली के दबाव में मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में गिरावट रही।

## पीआई इंडस्ट्रीज ने निवेशकों के लिए घोषित किया 500 फीसदी अंतरिम डिविडेंड

**नई दिल्ली ।** एग्रीकेमिकल कंपनी पीआई इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 26 के लिए 500 फीसदी का अंतरिम डिविडेंड घोषित किया है। इसका मतलब है कि 1 रुपये के हर शेयर पर 5 रुपये का डिविडेंड मिलेगा। यह फैसला




12 फरवरी को हुई बोर्ड बैठक में लिया गया। डिविडेंड पाने के लिए रिकॉर्ड डेट 23 फरवरी 2026 तय की गई है। इस दिन तक शेयर रखने वाले निवेशक डिविडेंड के हकदार होंगे। कंपनी के तीसरी तिमाही के नतीजे पिछले साल की तुलना में कमजोर रहे। नेट प्रॉफिट 16.4 फीसदी गिरकर 311 करोड़ रुपये रह गया। रेवेन्यू 1,900 करोड़ रुपये से घटकर 1,375 करोड़ रुपये हो गया। ऐबिटा में 41.1 फीसदी की गिरावट आई और यह 301.2 करोड़ रुपये पर पहुंचा। मार्जिन भी 26.9 फीसदी से घटकर 21.9 फीसदी हो गया। पीआई की स्थापना 1946 में हुई थी, भारत की प्रमुख एग्रीसाइंस कंपनियों में से एक है। कंपनी पेस्टिसाइड्स, कीटनाशक और फंगीसाइड्स बनाती है और इन्हें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेचती है।



# युवराज सिंह की बायोपिक करना चाहते हैं सिद्धांत चतुर्वेदी

अपनी आगामी फिल्म ‘ दो दीवाने सहर में’ को लेकर चर्चा में बने अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी ने एक बार फिर अपने उस ड्रीम रोल के बारे में खुलकर बात की है, जो सालों से उनके दिल के बेहद करीब है। जी हाँ, अपने करियर की शुरुआत क्रिकेट पर आधारित वेब सीरीज़ ‘इनसाइड एज’ से करनेवाले सिद्धांत चतुर्वेदी ने एक बार फिर क्रिकेट की तरफ लौटते हुए भारतीय क्रिकेट के दिग्गज क्रिकेटर युवराज सिंह की बायोपिक करने की इच्छा जताई है। बायोपिक के संदर्भ में सिद्धांत कहते हैं, ‘मैं वर्ष 2019 से कहता आ रहा हूं और आज भी कहूंगा और कहूंगा, बल्कि इसे मैनिफेस्टभी करता हूँ एक दिन मुझे मशहूर क्रिकेटर युवराज सिंह की बायोपिक करने का मौक़ा मिले। उनकी जर्नी एक रोलरकोस्टर की तरह वाकई अविश्वसनीय रही है। मुझे वे न सिर्फ क्रिकेटर के तौर पर पसंद हैं, बल्कि व्यक्तित्व भी उनका शानदार है। मैं उनके क्रिकेट के साथ उनकी लाइफस्टाइल, और समस्याओं के प्रति उनके जज्बे को सलाम करता हूँ, जिस तरह उन्होंने परेशानियों को मात दी। वाकई वे एक आइकन हैं, और दुनिया को उनकी कहानी ज़रूर जाननी चाहिए।’

बतौर अभिनेता अपने हर किरदार में गहराई और सच्चाई दिखानेवाले सिद्धांत चतुर्वेदी की इस बात को सुनकर उनके दर्शक सहज ही कल्पना कर सकते हैं कि जब वे उनके क्रिकेट आइडल की भूमिका निभाएंगे तो वह कितना शानदार होगा। यही वजह है कि अब सिद्धांत के साथ उनके फैंस भी ये मैनिफेस्ट कर रहे हैं कि सिद्धांत जल्द से जल्द युवराज सिंह की भूमिका में नज़र आएं क्योंकि युवराज सिंह की भूमिका वही कलाकार निभा सकता है, जिसमें स्टार प्रेज़ेंस के साथ-साथ भावनात्मक संवेदनशीलता भी हो और इस कसौटी पर सिद्धांत पूरी तरह खरे उतरते हैं। वैसे बायोपिक की बात करें तो सिद्धांत जल्द ही दिग्गज फिल्ममेकर ‘वी. शांताराम’ का चुनौतीपूर्ण बायोपिक में नज़र आनेवाले हैं और इसके फर्स्ट् लुक के साथ ही वे अपने दर्शकों की सराहना भी पा चुके हैं। फिलहाल अपने करियर में वास्तविक जीवन से जुड़ी, विरासत-प्रधान कहानियों के प्रति अपने जुड़ाव को सिद्धांत जिस खूबसूरती से मजबूत करते जा रहे हैं, इससे ये विश्वास और पक्का हो जाता है कि अगर कभी युवराज सिंह की बायोपिक बनी, तो उसके लिए सिद्धांत चतुर्वेदी एकदम परफेक्ट कलाकार होंगे।



# राजकुमार राव के समर्थन में उतरीं पत्नी पत्रलेखा; आलोचकों को दिया जवाब

हाल ही में अभिनेता राजकुमार राव को उनके बढ़े हुए वजन को लेकर ट्रोल किया गया था। लोगों ने उन्हें बूढ़ा तक कह डाला था। इसके बाद बीते दिन राजकुमार राव ने आलोचकों को जवाब देते हुए वजन बढ़ाने का कारण भी बताया था। अब अभिनेता की पत्नी व एक्ट्रेस पत्रलेखा ने राजकुमार राव का सपोर्ट किया है। साथ ही उन्होंने ट्रोलर्स पर भी निशाना साधा है।

पत्रलेखा ने राजकुमार राव की एक पोस्ट को अपनी स्टोरी पर शेयर करते हुए अभिनेता का सपोर्ट किया है। राजकुमार राव पर गर्व जताते हुए पत्रलेखा ने स्टोरी पर अपने नोट में लिखा, ‘आप पर बहुत गर्व है। आप हर फिल्म प्रोजेक्ट के लिए अपना सब कुछ देते हैं। दुनिया उस प्रोसेस और मेहनत को नहीं देखती, जो एक एक्टर के किरदार को बनाने में लगाता है। आखिरी नतीजा हमेशा आसान दिखता है। नजर आने वाले सारे फेम और ग्लैमर के पीछे, एक एक्टर की जिंदगी खून, पसीने, आंसुओं और पर्सनल लाइफ के त्याग से भरी होती है।’

## ‘निकम’ फिल्म के लिए राजकुमार ने बढ़ाया वजन

हाल ही में राजकुमार राव एक इवेंट में शामिल हुए थे। जहां उनके बदले हुए लुक को देखकर लोगों ने उन्हें ट्रोल किया था और बूढ़ा बता दिया था। इसके बाद राजकुमार राव ने अपने इंस्टाग्राम पर एक लंबा-चौड़ा पोस्ट साझा किया था। इसमें उन्होंने बताया था कि उन्होंने अपनी आगामी फिल्म ‘निकम’ के लिए 9-10 किलो वजन बढ़ाया है। इसके लिए उन्होंने काफी मेहनत की। एक्टर ने पोस्ट में ये भी बताया था कि उन्हें प्रोस्थेटिक मेकप पसंद नहीं है, इसलिए जहां तक संभव होता है वो अपने शरीर पर मेहनत करते हैं। पोस्ट में राजकुमार राव ने अपनी उन पिछली फिल्मों का भी जिक्र किया, जिनके लिए उन्होंने ट्रांसफॉर्मेशन किया।

## नेटफ्लिक्स की फिल्म में नजर आएंगे राजकुमार राव



वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेता आखिरी बार पिछले साल रिलीज हुई फिल्म ‘मालिक’ में नजर आए थे। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। इसके अलावा उनकी आगामी फिल्मों में नेटफ्लिक्स की फिल्म ‘टोस्टर’ शामिल है। इसमें उनके साथ सान्या मल्होत्रा और अभिषेक बनर्जी भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। इसके अलावा उनकी पाइपलाइन में दो बायोपिक ‘निकम’ और पूर्व भारतीय क्रिकेटर सौरव गांगुली की बायोपिक भी शामिल हैं।




# सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आ सकती है आलिया भट्ट की फिल्म ‘अल्फा’

यशराज फिल्म्स ने अपने स्पाई यूनिवर्स के जरिए ‘टाइगर’ फ्रेंचाइज ‘पठान’ और ‘वॉर’ जैसी कई पुरुष प्रधान फिल्में बनाईं और दर्शकों का प्यार हासिल किया है। इस यूनिवर्स का हिस्सा आलिया भट्ट और शरवरी वाघ भी बन गई हैं। उनकी महिला प्रधान स्पाई जासूसी फिल्म ‘अल्फा’ को 2026 में रिलीज किया जाना तय है। हालिया जानकारी में पता चला है कि निर्माता फिल्म को सिनेमाघरों में उतारने की बजाए सीधे ओटीटी पर रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक...’ आलिया स्टारर ‘अल्फा’ को सीधे ओटीटी पर रिलीज किया जा सकता है। दरअसल, रानी मुखर्जी की फिल्म ‘मर्दानी 3’ सिनेमाघरों में बढ़िया प्रदर्शन नहीं कर रही है। इसलिए निर्माता कोई रिस्क नहीं लेना चाहते। हो रही हैं। बता दें कि इस फिल्म में बॉबी देओल भी दिखाई देंगे। फिल्म में आलिया और शरवरी के साथ बॉबी देओल भी दिखाई देंगे। यह एक्शन फिल्म होगी।

# ऑपरेशन सिंदूर पर फिल्म बना रहे हैं विवेक अग्निहोत्री?




फिल्म ‘कश्मीर फाइल्स’ फेम निर्देशक विवेक अग्निहोत्री को लेकर ऐसी चर्चा है कि वे पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सशस्त्र बलों की तरफ से पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित फिल्म बनाने की तैयारी में हैं। ऐसी अफवाहों पर विवेक अग्निहोत्री ने चुप्पी तोड़ी है। कई मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि विवेक, टी-सीरीज के साथ मिलकर ऑपरेशन सिंदूर पर फिल्म बनाने वाले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, एक बातचीत में विवेक अग्निहोत्री ने इस टॉपिक पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि वे एक बड़े नेशनलिस्टिक प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। हालांकि, उन्होंने और डिटेल्स बताने से मना कर दिया। प्रोडक्शन हाउस के करीबी सूत्रों ने बताया, ‘भूषण कुमार और विवेक अग्निहोत्री ने अपनी अगली फिल्म ‘ऑपरेशन सिंदूर’ के लिए हाथ मिलाया है। इसे टी-सीरीज और आई एम बुद्धा प्रोडक्शन के बैनर तले बनाया जाएगा। विवेक अग्निहोत्री इसके निर्देशन की जिम्मेदारी संभालेंगे। हालांकि, विवेक अग्निहोत्री से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने स्पष्ट रूप से कुछ नहीं बताया। उन्होंने न ही पुष्टि की, न ही खारिज किया।

# अब लेखिका बनीं अभिनेत्री आयशा शर्मा

अभिनेत्री आयशा शर्मा अपनी रचनात्मक पहचान को एक नया आयाम दे रही हैं। अब वे पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया के साथ बतौर लेखिका डेब्यू कर रही हैं। सोशल मीडिया पर अपनी दमदार मौजूदगी और एक गहराई से जुड़ी कम्युनिटी के लिए जानी जाने वाली आयशा शर्मा ने धीरे-धीरे अपनी एक अलग आवाज़ बनाई है, जो सिर्फ अभिनय तक सीमित नहीं है। इस किताब के जरिए वह अभिव्यक्ति का एक और रास्ता तलाश रही हैं—एक ऐसा रास्ता जो ठहराव, आत्मचिंतन और भावनात्मक ईमानदारी को जगह देता है। उनकी पहली किताब सौ छोटे-छोटे ध्यानपूर्ण विचारों का संग्रह है, जो ताकत, कोमलता और आत्म-प्रेम के इर्द-गिर्द बुना गया है। रोजमर्रा की भावनाओं से जुड़ी यह किताब खास तौर पर उन लोगों के लिए है जो थकान, आत्म-संदेह और हर वक्त खुद को साबित करने के दबाव से जूझ रहे हैं। यह किताब हल देने का दावा नहीं करती, बल्कि एक ऐसा स्पेस बनाती है जहाँ पाठक खुद को पहचान सकें और एक सुकून भरी तसल्ली महसूस कर सकें। किताब के पीछे की भावना साझा करते हुए आयशा शर्मा कहती हैं, मेरा मानना है कि सही किताब आपको सही समय पर मिलती है। आयशा शर्मा के लिए लेखन उनकी डिजिटल मौजूदगी का स्वाभाविक विस्तार है, जहाँ आत्म-विकास, भावनात्मक संतुलन और अंदरूनी सफर जैसे विषय पहले से ही उनके दर्शकों से गहराई से जुड़ते हैं। यह नया अध्याय उनकी उस कोशिश को दर्शाता है जिसमें वह अभिनय, डिजिटल कहानी कहने और अब लेखन—तीनों के बीच सहजता से सफर करती हुई एक मुकम्मल क्रिएटिव पहचान गढ़ रही हैं।



# अक्षय कुमार ने जमकर की आरजे महवश की खिंचाई



‘व्हील ऑफ फॉर्च्यून इंडिया’ शो का लेटेस्ट एपिसोड काफी मजेदार होने वाला है। इस खास एपिसोड में 100 कंटेंट क्रिएटर्स नजर आएंगे, जिनमें आरजे महवश भी शामिल हैं। हाल ही में जारी प्रोमो में अक्षय कुमार, आरजे महवश की दरअसल, महवश पजल को स्क्रीन पर आने से पहले ही सॉल्व करने की कोशिश कर रही थीं। इसे देखकर अक्षय ने मजाक में कहा, ‘किसी का बाप नहीं सॉल्व कर सकता... जो सॉल्व कर देगा उसे मैं 1 करोड़ दूंगा...1 करोड़ छोड़ो, अपनी किडनी भी दे दूंगा।’ अक्षय की इस बात पर महवश और वहां मौजूद दर्शकों की हंसी झूट गई। महवश ने भी अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर प्रोमो शेयर करते हुए लिखा, ‘इस दिन मेरे साथ जितना गलत हो सकता था, सब हुआ।

## शो ‘व्हील ऑफ फॉर्च्यून’ के बारे में



मजेदार बातचीत और अक्षय कुमार के मजाकिया अंदाज ने इस एपिसोड को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट और बढ़ा दी है। अक्षय कुमार का गेम शो ‘व्हील ऑफ फॉर्च्यून इंडिया’ सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे सोनी चैनल पर प्रसारित होता है। इसके अलावा इसे सोनी लिव ऐप पर भी स्ट्रीम किया जा सकता है। शो में प्रतियोगियों को वर्ड पजल्स सॉल्व करने होते हैं और इसके बदले में उन्हें कैश प्राइज जीतने का मौका मिलता है।

# सनी लियोनी ने बताया कैसे की ‘कैनेडी’ की तैयारी



**सनी लियोनी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म ‘कैनेडी’ को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। अनुराग कश्यप द्वारा निर्देशित यह फिल्म जल्द ही ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। यह वही फिल्म है जो 2023 में कान फिल्म फेस्टिवल में दिखाई गई थी। फिल्म को कई इंटरनेशनल फेस्टिवल्स में काफी सराहना भी मिली है। अब फिल्म भारत में रिलीज को तैयार है। इस बीच बातचीत के दौरान सनी लियोनी ने इस फिल्म, अपने पंद्रह साल के सफर और अपनी बायोग्राफी पर भी चर्चा की।**

## फिल्म में आपने चार्ली का किरदार निभाया है। कैसा अनुभव रहा?

जब मैं अपने सफर पर नजर डालती हूं तो लगता है कि इतने वर्षों बाद भी ‘कैनेडी’ मेरे भीतर कहीं न कहीं जिंदा है। मुझे बहुत खुशी है कि यह फिल्म अब ऑडियंस के सामने आने वाली है। मैं इतने समय से इसे अपने भीतर लेकर चल रही थी। अब इसे लोगों तक पहुंचते देखना मेरे लिए बेहद भावुक क्षण है। चार्ली का किरदार अपने आप में एक रहस्य जैसा था। इसमें कई परतें और कई तरह की ऊर्जा थीं। मुझे उसे खुद में उतारना था ताकि वह मेरा हिस्सा बन जाए। निर्देशक अनुराग कश्यप की आवाज और उनका समझाने का तरीका मेरे लिए मार्गदर्शन बनता था। हम रोज काम शुरू करने से पहले पढ़ते और सुनते थे। फिर समझते और कुछ नया खोजते थे।

## फिल्म का कौन सा अनुभव सबसे खास रहा?

अनुराग सर ने मुझसे कहा था कि चार्ली की हंसी बिल्कुल वैसी ही चाहिए जैसी वह कल्पना कर रहे हैं। इस हंसी को अपने भीतर लाना मेरे लिए आसान नहीं था। मुझे हर जगह हंसना पड़ता था। कार और लिफ्ट में भी हंसना पड़ता था। सेट पर इतने लोग होते थे कि वे मुझे देखकर सोचते थे कि मैं क्यों हंस रही हूं। कई बार मुझे लगता था कि लोग मुझे पागल समझ रहे होंगे। सच कहूं तो यह बात मुझे और मजेदार लगती थी क्योंकि मुझे मस्ती करना पसंद है और यह चार्ली वाली मस्ती एक अलग तरह की आजादी देती थी। धीरे-धीरे वह हंसी मेरे भीतर बस गई। इससे मैं चार्ली को गहराई से महसूस कर पाई। ये बात मैं कभी भूल नहीं सकती।

## क्या अनुराग कश्यप के सामने अपनी बात रखना आसान होता है?

अनुराग कश्यप के साथ काम करते हुए मैं हमेशा सुरक्षित महसूस करती थी। बाहर से लोग सोचते हैं कि वह गंभीर या कठोर होंगे। लोग उनकी फिल्मों या कहानियां देखकर उनके बारे में एक इंटेंस पर्सनालिटी की छवि बना लेते हैं। पर असल में वह बहुत नरमदिल व्यक्ति हैं। उनके सामने बैठकर बात करते समय हमेशा लगता था कि मेरी बात को महत्व मिल रहा है। हर कलाकार को यह एहसास नहीं मिलता कि उसे सुना जा रहा है। उन्होंने मुझे वही बनने दिया जो मैं उस पल बनना चाहती थी। यही वजह है कि उनसे जुड़ा हर अनुभव मेरे दिल में खास जगह रखता है।

## जब इस फिल्म को कान फिल्म फेस्टिवल में एंट्री मिली तो पहला रिएक्शन क्या था?

उस वक्त जो खुशी मिली थी उसे शब्दों में नहीं बांधा जा सकता। वहां मुझे एक छोटा सा कागज मिला था, जिसमें मेरी सीट का नंबर लिखा था। वही मेरे लिए सबसे बड़ा अवॉर्ड था। उस टिकट को मैंने आज भी एक किताब के भीतर संभाल कर रखा है। सफलता की सबसे बड़ी परिभाषा क्या है? अवॉर्ड्स कितने मायने रखते हैं?

## मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं यहां तक पहुंचूंगी

एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में जब आप दूसरों की सफलताए देखते हैं, तो मन में एक छोटी सी इच्छा उठती है। लगता है कि काश मुझे भी कोई ऐसा अवसर मिले जिसमें मुझे पहचान मिले। यह भावना हर कलाकार के भीतर होती है और मेरे भीतर भी थी। लेकिन मैंने कभी कल्पना नहीं की थी कि मैं एक दिन यहां बैठकर अपने प्रोजेक्ट के बारे में इस तरह बात करूंगी। 15 वर्ष हो चुके हैं और मैं बहुत खुश हूं कि मैं इस मुकाम पर हूं। मेरे जीवन में ऐसे लोग हैं जो हर कदम पर मुझे ऊपर उठाते हैं और आगे बढ़ने की ताकत देते हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in